卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धो: सलिलं सलीलं,य:शोकवह्नि जनकात्मजाया: आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारूत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 24 ♦अंक 214 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦बुधवार ♦15 मई 2024 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

GAGNEJA PROPERTIES
CONTACT FOR SALE, PURCHASE RENT & LEASE
✔ Shops ✔ Houses
✔ Industrial Property
✔ Commercial Property
✔ Agriculture Land
REAL ESTATE WITHOUT THE HASSLE
MO.-8630672525,8279444462
ADD- SRA F69, Shop No.4, Adarsh Colony, Rudrapur

## कांग्रेस की सरकार बनी तो फ्री मिलेगा दस किलो राशन: खरगे




लखनऊ (उद संवाददाता)।कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव के साथ संयुक्त प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित किया। खरगे ने कहा है कि 4 जून को गठबंधन की सरकार आने के बाद गरीबों को पांच की बजाय मुफ्त में 10 किलो अनाज दिया जाएगा। कांग्रेस राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि अब तक चार चरणों के चुनाव हो चुके हैं। इंडिया गठबंधन काफी आगे है। जनता ने नरेंद्र मोदी की विदाई तय कर दी है। कहा कि ये चुनाव विचारधारा की लड़ाई है। एक तरफ वो लोग हैं जो कुछ अमीरों के लिए धर्म का इस्तेमाल करके लड़ रहे हैं और दूसरी तरफ वो लोग हैं जो कि देश के गरीबों के लिए और युवाओं के लिए लड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि ये लड़ाई आरक्षण और संविधान बचाने की लड़ाई है। ये चुनाव को देश के भविष्य और संविधान को बचाने के लिए है। संविधान बचेगा तो ही आरक्षण भी बचेगा। उन्होंने कहा कि तानाशाही में लोगों के वोट देने का अधिकार भी सुरक्षित नहीं रहेगा। भाजपा के लोग प्रत्याशियों को डराकर नामांकन दाखिल नहीं करने दे रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि भाजपा जितना मर्जी जोर लगा ले 200 से ज्यादा सीटों पर भाजपा की जीत नहीं होगी। (शेष पृष्ठ सात पर)

## तीर्थ यात्री जाम से हलकान वाहनों में गुजारनी पड़ी रात

उत्तरकाशी(उद संवाददाता)। गंगोत्री और यमुनोत्री धाम में जाम की समस्या विकराल होती जा रही है। उत्तरकाशी से लेकर गंगोत्री के बीच हजारों तीर्थ यात्रियों ने अपने ही वाहनों में रात गुजारी। मंगलवार सुबह 6 बजे उत्तरकाशी से जो वाहन गंगोत्री के लिए रवाना हुए थे उन वाहनों को गंगोत्री पहुंचने में 22 से 25 घंटे का समय लगा है। रात भर तीर्थ यात्री



अपने वाहनों में ही रहे। रात के समय हर्षिल झाला धराली में लंबा जाम लग रहा। इस क्षेत्र में जाम को खुलवाने के लिए पुलिस भी नजर नहीं आई । तीर्थ यात्री धराली क्षेत्र में रात की 2 बजे पुलिस को ढूंढते रहे। जिसके बाद धारली (शेष पृष्ठ सात पर)

## गल्ला मंडी के मुनीम की गुड़गांव में संदिग्ध मौत

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। फर्म स्वामी के साथ गुड़गांव गये गल्ला मंडी की एक आढ़त में मुनीम का कार्य करने वाले व्यक्ति की गुड़गांव में संदिग्ध



परिस्थितियों में मौत हो गई। उसका शव यहां पहुंचने पर परिजनों में कोहराम मच गया। जानकारी के अनुसार भदईपुरा निवासी 42 वर्षीय वेदप्रकाश पुत्र श्यामलाल गल्ला मंडी में एक आढ़त पर मुनीम का काम करता था। बताया जाता है कि आढ़त स्वामी सोमवार को कार चालक के रूप में उसे अपने साथ गुड़गांव लेकर



गया था। जहां खाना खाने के बाद मध्य रात्रि अचानक उसकी तबीयत खराब हो गई। उसे उपचार के लिए निजी चिकित्सालय ले जाया गया। जहां से एम्बुलेंस द्वारा सरकारी चिकित्सालय ले जाने के दौरान मार्ग में वेद प्रकाश ने दम तोड़ दिया। शव के यहां पहुंचने पर उसके परिजनों में कोहराम मच गया। परिवार में मृतक की पत्नी प्रीति, 18 वर्ष की पुत्री तथा 16 वर्ष का पुत्र हैं। परिजन वेदप्रकाश की मौत को संदिग्ध मान रहे हैं। घटना की सूचना पर पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने मृतक के निवास पर पहुंचकर परिजनों को ढांढस बंधाया।

## बाग में काम कर रहे दो लोगों पर गुलदार का हमला

### गुलदार के हमले की घटना से गांव में दहशत का माहौल

रामनगर(उद संवाददाता)। शहर के आस पास के ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार बाघ और गुलदार के आतंक से लोगों में दहशत का माहौल बना हुआ है । लगातार वन्यजीवों के हमले से ग्रामीणों का आक्रोश वन विभाग के अधिकारियों के खिलाफ बढ़ने लगा है । ग्रामीण वन्यजीवों के आतंक से निजात दिलाने की भी मांग कर रहे हैं । बुधवार की सुबह ग्राम पूछडी में स्थित एक बगीचे में काम कर रहे इसी गांव के 60 वर्षीय तुलसी राम एवं शेख अरमान नाम के युवक पर अचानक गुलदार ने हमला बोल दिया। दोनों लोगों के शोर मचाने पर बगीचे में मौजूद अन्य लोगों ने शोर मचाया तब तक



गुलदार इन दोनों लोगों को लहुलुहान हालात में छोड़कर मौके से भाग गया। घटना के बाद गुलदार के हमले में घायल दोनों लोगों को उपचार के लिए रामनगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है । घटना के बाद से काफी देर तक जिम्मेदार अधिकारियों के न पहुंचने पर ग्रामीणों ने रोष जताते हुए गुलदार के आतंक से निजात दिलाने की मांग की । क्षेत्र के प्रधान पति हाजी शकील अंसारी ने बताया कि पिछले 2 वर्ष से इस क्षेत्र में गुलदार का आतंक बना हुआ है तथा कई लोग गुलदार के हमले में घायल हो चुके हैं लेकिन आज तक विभाग के अधिकारी इस गुलदार को कैद नहीं कर पाए हैं जिस कारण लगातार इस क्षेत्र में गुलदार का आतंक बना हुआ है तो वहीं ग्रामीणों में दहशत भी बनी हुई है उन्होंने अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर नाराजगी जताते हुए गांव में आतंक का पर्याय बने गुलदार को शीघ्र पकड़ने के साथ ही ग्रामीण को निजात दिलाने की मांग की है।

## फायरिंग के मामले में दो नाबालिग सहित पांच गिरफ्तार

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। शांति कालोनी में बीते दिनों युवक पर फायरिंग और सरेआम पिटाई के मामले में पुलिस ने दो नाबालिगों सहित पांच लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेजने की कार्रवा की है। हरप्रीत उर्फ हैप्पी पुत्र जरनैल सिंह निवासी शांति कॉलोनी ने पुलिस को दी तहरीर में बताया था कि बीती 11 मई को वह अपने दोस्त मोहित के साथ जब रेशम बड़ी की तरफ जा रहा था तभी होली चौक रेशमबाड़ी के पास घात लगाकर बैठे दस बारह युवकों ने उस पर तमंचा तानकर फायर कर दिया जिसमें वह बाल बाल बचा। हमलावरों ने लात घूसो और बेल्टों से उसकी सरेआम पिटाई की। जिसकी



सीसीटीवी फुटेज भी पुलिस को उपलब्ध कराई गई। मामले में पुलिस ने सुहेल, समीर, रिजवी सहित अन्य अज्ञात लोगों के खिलाफ केस पंजीकृत किया था। एसएसपी ने सरेआम गुण्डागर्दी करने वालों को शीघ्र गिरफ्तार करने के निर्देश दिये थे। जिस पर कोतवाल धीरेन्द्र कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम रिपोर्ट दर्ज होने के 24 घंटे के अंदर सीसीटीवी फुटेज व अन्य जानकारी के आधार पर घटना को अंजाम देने वाले 2 नाबालिगों सहित कुल 5 शातिर आरोपियों को घटना में प्रयुक्त तमंचे के साथ गिरफ्तार किया कर लिया। पकड़े गये आरोपियों के विरुद्ध अग्रिम आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। गिरफ्तार आरोपियों में वार्ड नंबर 17 खेड़ा निवासी सोहेल पुत्र फरीद बाबा,समीर पुत्र गुड्डू, ,रिजवान उर्फ रिजवी पुत्र नजीर अहमद सहित दो नाबालिग शामिल हैं। पुलिस के मुताबिक पकड़े गये अभियुक्त रिजवान उर्फ रिजवी, सुहैल और समीर का आपराधिक इतिहास रहा है। रिजवान के खिलाफ रूद्रपुर (शेष पृष्ठ सात पर)

## घर से नगदी और सामान चोरी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। मौहल्ला संजय नगर खेड़ा में अज्ञात चोरों ने एक घर से हजारों की नगदी व अन्य सामान चोरी कर लिया। मामले की सूचना थाना पुलिस को दे दी गई है। संजय नगर खेड़ा निवासी सुधीर दत्त पुत्र सुखदत्त ने बताया कि वह बिजली मैकेनिक का काम करता है। 8 मई को रोज की तरह उसका परिवार खाना खाकर सो गया था। सुबह उठने पर देखा कि घर से रसोई सिलेंडर, सिलाई मशीन, पांच



हजार रूपये नगद व कई आवश्यक कागजात चोरी हो गये हैं। उसने बताया कि मामले की सूचना तुरंत थाना पुलिस को दी गई परंतु पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की।

## दुराचार में नाकाम होने पर झोंका फायर

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। किच्छा मार्ग स्थित एक मोहल्ले में छत पर कपड़े लेने गई किरायेदार महिला से दुराचार करने में नाकाम होने पर मकान मालिक ने जान से मारने की नियत से महिला पर फायर झोंक दिया। जिसमे महिला की जान बच गई। मामले की जानकारी पुलिस को दे दी गई है। पीड़िता का कहना है कि वह मूल रूप से उत्तर प्रदेश की निवासी है यहां किराये पर रहती है और मेहनत मजदूरी कर अपना जीवन यापन करती है। गत रात्रि लगभग 10 बजे छत पर कपडे लेने गयी तो पहले से ही घात लगाकर बैठा मकान मालिक व उसके अन्य 2 साथियों ने जबरन उसे पकड़ लिया और गलत नियत से एकान्त में ले जाने लगे। उसने इसका विरोध किया और धक्का देकर नीचे भागने की कोशिश की तो मकान मालिक ने उससे मारपीट शुरु कर दी और तमंचा निकाल कर उसके सीने पर रख दिया और गोली मारने की धमकी देने लगा। जब उसने वहां से (शेष पृष्ठ सात पर)

## मिट्टी ढोने वाले वाहनों के खिलाफ ग्रामीण मुखर

सितारगंज (उद संवाददाता)। नेशनल हाईवे निर्माण के लिए कैलाश नदी से मिट्टी उठाई जानी है। मिट्टी के भारी भरकम वाहनों के आवागमन से ग्रामीणों ने चीकाघाट और रसोईयापुर गांव की नव निर्मित लिंक सड़कों के टूटने का खतरा बताते हुए एसडीएम को ज्ञापन दिया है। ग्रामीणों ने नव निर्मित सड़कों का यथावत स्थिति में आश्वासन नहीं देने पर लिंक मार्गो पर मिट्टी वाहनों के इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगाने की चेतावनी दी है। ग्राम रसोईयापुर ग्राम प्रधान निर्मल सिंह, ब्लाक प्रमुख पति कुलविंदर सिंह औलख ने ग्रामीणों के साथ एसडीएम कार्यालय



पहुंचकर ज्ञापन प्रेषित किया। उन्होंने आरोप लगाया कि नेशनल हाईवे निर्माण के लिए पीली भीत रोड होते हुए बरेली तक सड़क बनानी है। कार्यदाई संस्था राज कॉरपोरेशन लिमिटेड मैनपुरी उत्तर प्रदेश नेशनल हाईवे का निर्माण कर रही है। ग्रामीणों ने बताया कि उन्हें ज्ञात हुआ है कि मिट्टी उठाने के लिए कार्यदाई संस्था को कैलाश नदी से टेंडर के जरिए अनुमति मिली है। उन्होंने आरोप लगाया कि मिट्टी उठाने के लिए चिकाघाट और रसोईयापुर लिंक मार्ग का इस्तेमाल किया जाएगा। जबकि वर्तमान में दोनों गांव के लिंक मार्ग नवनिर्मित और ठीक स्थिति में है। ग्रामीणों ने कहा कि कार्यदाई संस्था ने लिंक मार्गो को कार्य समाप्ति के बाद वर्तमान स्थिति में यथावत रखने का आश्वासन नहीं दिया तो मिट्टी उठान के दौरान वाहनों का लिंक मार्गो में आवागमन नहीं करने दिया जाएगा। ज्ञापन देने वालों में कश्मीर सिंह, जसपाल सिंह, जीत सिंह, चरणजीत सिंह, परमजीत सिंह, हरबंस सिंह मौजूद थे।

# गंगोत्री और यमुनोत्री धाम में लगा श्रद्धालुओं का तांता

## उत्तरकाशी में कैंप करेंगे सीएम के सचिव डॉ.आर.मीनाक्षी सुंदरम, रोके गये यात्रियों को किया रवाना

देहरादून/ उत्तरकाशी। (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर सचिव मुख्यमंत्री डॉ. आर.मीनाक्षी सुंदरम उत्तरकाशी में कैंप करेंगे। इस दौरान वह उत्तरकाशी में गंगोत्री और यमुनोत्री धाम की व्यवस्था की निरंतर मॉनिटरिंग करेंगे। वहीं गंगोत्री-यमुनोत्री धाम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं का आवागमन जारी है। यमुनोत्री धाम में आज रिकॉर्ड संख्या में 15,630 श्रद्धालुओं का आगमन हुआ जबकि गंगोत्री धाम में 11,734 श्रद्धालु पहुँचे। यात्रा मार्गों पर आज आवागमन सुचारू और सुव्यवस्थित रहा तथा गंगोत्री क्षेत्र में रोके गए सभी वाहनों की वापसी का क्रम जारी है। गंगोत्री से वाहनों की वापसी के साथ ही आज निचले इलाकों में रोके गए वाहनों को भी धामों के लिए भेजा गया। जिलाधिकारी डॉ. मेहरबान सिंह बिष्ट ने यात्रा रूट पर तैनात किए गए अधिकारियों को अपने सेक्टर में ही बने रहकर यात्रा को सुचारू व सुव्यवस्थित रूप से संचालित करने के निर्देश दिए हैं। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को हमेशा मोबाइल फोन खुले रख यात्रियों की सहायता की प्रत्येक कॉल पर तत्परता से कार्रवाई करने की हिदायत देते हुए कहा कि यात्रा मार्गों पर यात्रियों से अधिक कीमत वसूलने के मामलों पर भी कड़ी कार्रवाई की जाए।जिलाधिकारी ने गंगोत्री मार्ग के सभी होल्ड एरिया व वाहनों के दबाव से प्रभावित क्षेत्रों तक यात्रियों के लिए भोजन व पानी की आपूर्ति की व्यवस्था का भी अनुश्रवण किया। उन्होंने कहा कि रोके गए यात्रियों को पानी व भोजन की पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि सुरक्षित व व्यवस्थित यात्रा के लिए गंगोत्री रूट पर भी गेट सिस्टम लागू किया गया है, जिससे यात्रा करने में कुछ समय लग रहा है। उन्होंने सभी लोगों से इस व्यवस्था में सहयोग करने का आग्रह करते हुए कहा कि वाहनों का दबाव कम होते ही यातायात की समस्या नहीं रहेगी। वहीं पुलिस प्रशासन के जवानों द्वारा श्रद्धालुओं को दर्शन के दौरान श्री केदारनाथ धाम आ रहे सभी तीर्थयात्रियों की सुगम, सुरक्षित यात्रा हेतु उनकी हर सम्भव सहायता किये जाने हेतु रुद्रप्रयाग पुलिस के स्तर से ऑपरेशन मुस्कान चलाया जा रहा है। जिससे श्रद्धालुगण पुलिस कर्मियों की निस्वार्थ भावना से अभिभूत हो रहे हैं।

### तीर्थयात्रियों की मदद के लिए मोबाइल टीम तैनात

उत्तरकाशी। गंगोत्री मार्ग पर बढ़ते वाहनों के दबाव को देखते हुए प्रशासन ने तीर्थयात्रियों की मदद के लिए मोबाइल टीम तैनात कर दी है। तीर्थयात्रियों को पीने का पानी, बिस्किट, ग्लूकोज, भोजन व्यवस्था एवं एम्बुलेंस के साथ जरूरत पड़ने पर मेडिकल टीम तीर्थयात्रियों का चेकअप और फर्स्ट एड दे रही है। यमुनोत्री धाम से रिकॉर्ड तीर्थयात्रियों का जत्था गंगोत्री धाम को आने से रामलीला मैदान, भटवाड़ी रोड, नेताला, मनेरी, भटवाड़ी, गंगनानी, सुक्की, झाला, हर्षिल, धराली, भैरवघाटी से गंगोत्री तक वाहनों को रुक रुक कर आगे भेजा जा रहा है। जिलाधिकारी डॉ. मेहरबान सिंह बिष्ट ने बताया कि गंगोत्री मार्ग पर वाहनों का दवाब बढ़ने पर तीर्थयात्रियों को पानी समेत अन्य जरूरी मदद की एवं मोबाइल टीमों को मदद के निर्देश दिए गए। तीर्थयात्रियों हेतु नजदीकी होटल, ढाबों में नि:शुल्क भोजन की व्यवस्था एवं कुछ जगह भंडारे लगाए जा रहे हैं।



## बुजुर्ग श्रद्धालुओं को स्वास्थ्य जांच से लेकर मेडिकल सुविधाएं दी जा रही : राजेश कुमार

### राजकीय मेडिकल कॉलेज श्रीनगर में कैथ लैब शुरू,44 विशेषज्ञ डॉक्टर शामिल

देहरादून(उद संवाददाता)। स्वास्थ्य सचिव डॉ. आर. राजेश कुमार ने कहा कि चारधाम यात्रा में आने वाले 50 वर्ष से अधिक आयु के श्रद्धालुओं की स्वास्थ्य जांच की जा रही है। यात्रा मार्ग पर पहली बार राजकीय मेडिकल कॉलेज श्रीनगर में कैथ लैब शुरू की गई। मंगलवार को सचिवालय पब्लिक रिलेशन सोसायटी ऑफ इंडिया के देहरादून चौप्टर के पदाधिकारियों व सदस्यों ने स्वास्थ्य सचिव डॉ. आर राजेश कुमार से भेंट की। इस मौके पर सचिव ने कहा कि चारधाम यात्रा में यात्रियों की बढ़ती संख्या एक चुनौती के रूप में सामने आई है। ऐसे में स्वास्थ्य विभाग की ओर से श्रद्धालुओं को स्वास्थ्य जांच से लेकर तमाम सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि गत वर्ष यात्रा काल में 55 वर्ष से अधिक के लगभग साढ़े सात लाख लोगों की स्वास्थ्य जांच की गई थी। इस बार हमारा लक्ष्य है कि 50 वर्ष से अधिक के लोगों की ज्यादा से ज्यादा स्वास्थ्य जांच की जाए। उन्होंने बताया कि इस बार यात्रा मार्ग पर 184 चिकित्सकों की तैनाती की गई है। जबकि पिछले साल 140 डॉक्टर तैनात किए गए थे। इनमें 44 विशेषज्ञ डॉक्टर शामिल हैं। यात्रा में तैनात चिकित्सकों के साथ ही पैरा मेडिकल स्टाफ को एनएचएम के माध्यम से मानदेय की व्यवस्था की गई। चारधाम यात्रा के लिए स्वास्थ्य संबंधी दिशा-निर्देश 11 भाषा में जारी किए गए। एसओपी सभी राज्यों के सचिवों को भेजी गई है। जानकी चट्टी में पहली बार मेडिकल प्वॉइंट बनाया गया है। पीएसआरआई देहरादून चौप्टर के अध्यक्ष रवि बिजारनिया ने स्वास्थ्य सचिव को बताया कि संगठन की देश भर में 25 शाखाएं हैं। इसमें सरकारी विभागों के जनसंपर्क अधिकारियों के अतिरिक्त पब्लिक सेक्टर यूनिट आदि के कार्मिक भी जुड़े हैं। संगठन का उद्देश्य है कि आपसी सहयोग से केंद्र व राज्य सरकार कर योजनाओं को आम लोगों तक पहुंचाएं। इस मौके पर अनिल सती, अनिल वर्मा, संजय पांडे, जितेंद्र सिन्हा, ज्योति नेगी, मनोज सती, दिनेश कुमार, पुष्कर नेगी, प्रियांक वशिष्ठ, अमित ठाकुर, नीरज आदि मौजूद थे।



## डीजीपी ने धामों में भीड़ नियंत्रण के लिए माइक्रो लेवल पर प्लानिंग करने के दिए निर्देश

### यात्रियों को बड़े वाहन से उतारकर वैकल्पिक माध्यम से धामों तक भेजा जाए

देहरादून(उद संवाददाता)। डीजीपी अभिनव कुमार ने उत्तराखंड में चारों धामों में आने वाले यात्रियों के दर्शन के लिए क्षमता का आकलन वैज्ञानिक तरीकों से कराने के निर्देश दिए हैं। इसके लिए अन्य विभागों से भी समन्वय स्थापित किया जाएगा। ताकि, क्षमता के आधार पर ही वहां यात्रियों को भेजा जा सके। इसके अलावा धामों में भीड़ नियंत्रण के लिए माइक्रो लेवल पर प्लानिंग करने के निर्देश भी डीजीपी ने दिए हैं। ताकि, वहां पर कानून व्यवस्था और यातायात व्यवस्था निर्बाध बनी रहे। डीजीपी ने मंगलवार को सभी जिला पुलिस प्रभारियों के साथ वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक की। उन्होंने कहा कि चारधाम यात्रा मार्ग पर बड़े वाहन जाम का कारण बन रहे हैं। ऐसे में परिवहन विभाग के साथ मिलकर ऐसी व्यवस्था बनाई जाए कि यात्रियों को बड़े वाहन से उतारकर वैकल्पिक माध्यम से धामों तक भेजा जाए। इससे यात्रा मार्ग पर लगने वाले जाम से निजात मिल सकेगी। चारों धामों की सुरक्षा के लिए जो स्कीम बनाई गई है उसी के अनुसार ही कार्रवाई की जाए। यात्रा के संबंध में जो भ्रामक जानकारियां वायरल कर रहे हैं उन्हें तत्काल चिह्नित करने के निर्देश भी डीजीपी ने दिए। कहा, ऐसे लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। उन्होंने यातायात का दबाव बढ़ने पर यात्रियों को चिह्नित किए गए निर्धारित स्थनों पर रोकने की व्यवस्था को सुनिश्चित करने को भी कहा। यात्रियों को ऐसे स्थानों पर रोका जाए जहां पर कस्बा या बाजार हो। उनके खाने पीने और रहने की व्यवस्था आसानी से उपलब्ध हो सके। इसके अलावा चारधाम यात्रा में तैनात पुलिसकर्मियों का साप्ताहिक मेडिकल चेकअप करने के निर्देश भी दिए गए। साथ ही पर्यटन सीजन के मद्देनजर कुमाऊं रेंज के नैनीताल, कैंची धाम, जागेश्वर धाम आदि के लिए भी समय से यातायात प्लान बनाकर उसका अधिक से अधिक प्रचार प्रसार कराया जाए। ताकि आने वाले समय में लोगों को कोई परेशानी न हो।




## महिन्द्रा थार की छत में बैठकर शराब पी रहे गाजियाबाद के युवकों को सिखाया सबक

### यात्रा मार्गो पर हुड़दंग मचाने व अमर्यादित आचरण करने वालों पर रूद्रप्रयाग पुलिस ने कसा शिकंजा

रूद्रप्रयाग। उत्तराखंड में इन दिनों चारधाम यात्रा चल रही है। ऐसे में रुद्रप्रयाग पुलिस क्षेत्र में अमर्यादित आचरण और हुड़दंग मचाने वालों के खिलाफ अभियान चलाए हुए है। इसी क्रम में पुलिस ने सार्वजनिक स्थान पर शराब पीने वाले युवा पर्यटकों के खिलाफ कार्रवाई कर सबक सिखाया है। रुद्रप्रयाग में इन दिनों केदारनाथ धाम की यात्रा चल रही है। ऐसे में जिले में अत्यधिक संख्या में श्रद्धालु और यात्री वाहन क्षेत्र के अंदर आ रहे हैं। श्रद्धालुओं के बीच यात्रा की आड़ लेकर कुछ नशेड़ी और हुड़दंगी प्रवृत्ति के लोग भी धाम क्षेत्र या धाम के पड़ावों तक आ रहे हैं। बीते सोमवार को सोनप्रयाग पार्किंग में कुछ युवक महिन्द्रा थार की छत में बैठकर शराब पी रहे थे। पुलिस ने युवकों से इस तरह बैठने की वजह पूछी तो उन्होंने पुलिस को उल्टा जवाब देना शुरू कर दिया। पुलिस ने युवकों को हिरासत में ले लिया। जिसके बाद नशेड़ियों ने पुलिस से माफी मांगी। पुलिस ने युवकों के खिलाफ चालानी कार्यवाही कर सोनप्रयाग से वापस भेज दिया है। सभी युवक गाजियाबाद के रहने वाले बताये जा रहे हैं। सोनप्रयाग पार्किंग में गाड़ी की छत पर शराब पीकर हुड़दंग करने वाले गाजियाबाद निवासी 4 युवकों के विरुद्ध रुद्रप्रयाग पुलिस ने कार्यवाही की है। निकट भविष्य में आवश्यकता पड़ने पर ऐसे लोगों के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत कर उचित वैधानिक कार्यवाही की जायेगी। पुलिस यात्रा पड़ावों पर अमर्यादित आचरण करने वालो, नशे का सेवन करने वालों के खिलाफ ऑपरेशन मर्यादा अभियान चलाए हुए है। हुड़दंग मचाने व अमर्यादित आचरण करने वालों पर नजर रखी जाए।



## पांच दिन में पहुंचे 2.50 लाख यात्री

देहरादून। चारधाम यात्रा में इस बार शुरूआत में ही दर्शन करने वाले तीर्थयात्रियों ने रिकॉर्ड बनाया है। यात्रा शुरू होने के पांच दिनों में बीते वर्ष की तुलना में तीर्थयात्रियों की संख्या 1.15 लाख अधिक है। यात्रियों के उत्साह को देखते हुए प्रदेश सरकार को उम्मीद है कि यात्रा नया रिकॉर्ड बनाएगी। उच्च हिमालयी क्षेत्रों में मौसम व विकट भौगोलिक चुनौतियों के बावजूद चार धामों में दर्शन के लिए तीर्थयात्रियों की भारी भीड़ उमड़ रही है। रोजाना हजारों की संख्या में तीर्थयात्री केदारनाथ, बदरीनाथ, गंगोत्री व यमुनोत्री धाम के दर्शन कर रहे हैं। 10 मई को केदारनाथ, गंगोत्री व यमुनोत्री धाम के कपाट खुलने से यात्रा शुरू हुई। 12 मई को बदरीनाथ धाम के कपाट खुले। पांच दिन के भीतर ही चारों धाम में 2.50 लाख से ज्यादा तीर्थयात्री दर्शन कर चुके हैं। बीते वर्ष 22 अप्रैल 2023 को चारधाम यात्रा शुरू हुई थी। पांच दिन में 1.38 लाख यात्रियों ने दर्शन किए थे। जबकि पूरे यात्रा काल में दर्शन करने वाले यात्रियों का आंकड़ा 56 लाख से अधिक था। वहीं, श्री बदरीनाथ केदारनाथ मंदिर समिति के अध्यक्ष अजेंद्र अजय ने अपील की है कि यह यात्रा कुछ दिनों के लिए नहीं है बल्कि नवंबर तक संचालित होगी। यात्री पंजीकरण की उपलब्धता को देखते हुए चारधाम यात्रा की योजना बनाएं। जिससे केदारनाथ, बदरीनाथ, गंगोत्री व यमुनोत्री धाम में सुगमता से दर्शन हो सकें। दरअसल चारधाम यात्रा पर बड़ी तादाद में श्रद्धालुओं के आने से व्यवस्थाएं प्रभावित हो गई हैं। चारधाम यात्रा नवंबर माह तक संचालित होनी है, लेकिन श्रद्धालुओं में जल्द यात्रा करने की होड़ के कारण उन्हें दिक्कतों को सामना करना पड़ रहा है।

### यमुनोत्री धाम की यात्रा पर आए दो और श्रद्धालुओं की हुई मौत

उत्तरकाशी। यमुनोत्री धाम की यात्रा पर आए दो और श्रद्धालुओं की मंगलवार को मौत हो गई। दोनों को अचेत अवस्था में स्वास्थ्य केंद्र जानकीचट्टी पहुंचाया गया था। जहां चिकित्सक ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। धाम की यात्रा के दौरान अब तक मरने वाले यात्रियों की कुल संख्या छह हो गई है। वहीं, सोमवार को बदरीनाथ धाम में भी एक यात्री की मौत हुई। ऐसे में चारधाम यात्रा के दौरान अब तक सात यात्रियों की जान गई है। जानकारी के अनुसार, राम प्रसाद(51) पुत्र कन्हैया लाल निवासी इंदौर गांधी नगर मध्यप्रदेश, मंगलवार शाम करीब साढ़े पांच बजे यमुनोत्री पैदल मार्ग पर भैरव मंदिर के पास फिसलकर चोटिल हुए। वहीं, दक्षा बेन पटेल (68) पत्नी घनश्याम पटेल निवासी अहमदाबाद गुजरात को सवा छह बजे यमुनोत्री से लौटते वक्त सांस लेने में दिक्कत हुई और वह बेहोश हो गई। जिस पर परिजन उन्हें स्वास्थ्य केंद्र जानकीचट्टी ले गए थे, लेकिन दोनों को ही चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।

# फल सब्जी विक्रेताओं के लिए स्वास्थ्य शिविर आयोजित

हल्द्वानी (उद संवाददाता) फल सब्जी फुटकर व्यापार समिति द्वारा मंगल पड़ाव सब्जी मंडी में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 140 लोगों ने स्वास्थ्य लाभ लिया। शिविर का उद्घाटन पूर्व पालिका अध्यक्ष रेनू अधिकारी, राज्य मंत्री दिनेश आर्य , लाल कुआं विधायक डॉ मोहन सिंह बिष्ट, व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष नवीन चंद्र वर्मा, शिव मंदिर समिति के संरक्षक सुभाष मोगा , शिवसेना महानगर प्रमुख सुनील गुप्ता, व्यापार मंडल जिला अध्यक्ष विपिन गुप्ता , जिला कोषाध्यक्ष लाला जयासवाल , युवा जिला महामन्त्री शिव कपूर , ब्राह्मण उत्थान महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष विशाल शर्मा, पूर्व राज्य मंत्री प्रकाश हरबोला, भाजपा युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष कार्तिक हरबोला, समाजसेवी मनोज अग्रवाल आदि आतिथियों ने सामूहिक रूप से रिबन कटकर शिविर का शुभारंभ किया। समिति के अध्यक्ष रूपेन्द्र नागर , संरक्षक हसीरुद्दीन, कोषाध्यक्ष रामरूप गुप्ता, कार्यक्रम संयोजक मरगूब अहमद ने समिति के साथियों के साथ मिलकर आए हुए सभी अतिथियों का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। शिविर को संबोधित करते हुए अतिथियो रेनू अधिकारी, डॉ मोहन सिंह बिष्ट , दिनेश आर्य, व्यापार मंडल अध्यक्ष नवीन चंद्र वर्मा ने अपने संबोधन में फल सब्जी फूटकार व्यापार समिति एव हॉस्पिटल के डॉक्टरों की पूरी टीम की से शिविर में सहयोग प्रदान करने पर मुक्त कण्ठ से सरहाना की। शिविर में कार्डियोलॉजिस्ट हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. योगेश नागेंद्र , फिजिशियन डॉक्टर नितिन शर्मा , आई डिपार्टमेंट में डॉ.तमन्ना त्यागी , डॉ,अंकिता पाठक ने आंखों की जांच कर लाभार्थियों को अपनी सेवाएं प्रदान की। सीनियर मार्केटिंग मैनेजर मनोज जोशी द्वारा इस स्वास्थ्य शिविर को सफल बनाने के लिए हॉस्पिटल की ओर से सहयोग प्रदान किया। शिविर में पंकज, खिला रावत , दीपा आर्य , पीयूष कुमार , संजना बोनाल , कमल पपने आदि डॉक्टर की टीम ने शिविर में पहुंचें लोगों को स्वास्थ्य लाभ दिया। आयोजन समिति के अध्यक्ष रूपेंद्र नागर , संरक्षक हसीनुद्दीन अहमद व कार्यक्रम संयोजक मरगूब अहमद ने सभी डॉक्टर्स को स्मृति



चिन्ह के रूप में फलो की टोकरी और पुष्प गुच्छ देकर उनका स्वागत करते हुए सहयोग देने के लिए आभार व्यक्त किया। अध्यक्ष रूपेन्द्र नागर ने कहा कि भविष्य में भी ऐसी स्वास्थ्य से सम्बद्ध आयोजन अयोजित किये जाते रहेंगे। कार्यक्रम में समिति के संरक्षक हसीनुद्दीन मुन्ना, कोषाध्यक्ष राम रूप गुप्ता , वरिष्ठ उपाध्यक्ष रवि गुप्ता , उपाध्याय राजू खान , अशोक कश्यप , संगठन मंत्री याकूब अहमद , शाह कोषाध्यक्ष दीपक केसरवानी , प्रचार मंत्री मोवदानिश , मंत्री सफदर, मार्गदर्शक नरेंद्र सक्सेना , शाहनवाज खान, खुर्शीद आलम , संजय राजपूत , प्रमोद आर्य , मेडिकल एसोसिएशन के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष नरेंद्र साहनी , राजकुमार अग्रवाल , मनोज अग्रवाल , अशोक अग्रवाल , सीताराम , रिंकू राजपूत , अजय केसरवानी , विनोद केसरवानी , ज्ञान जयसवाल , मनोज गुप्ता , मनोज अग्रवाल, गिरीश गोस्वामी, कमल राजपाल, हरीश राजपूत , मोवसलीम आदि मौजूद रहे।




# जन स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया: उपाध्याय

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। नैदानिक स्थापन अधिनियम 2010 एवं उत्तराखण्ड नियमावली (रजि0 एवं विनियमन) 2015 के क्रियान्वयन व निजी चिकित्सालयों के स्थायी व अस्थायी पंजीकरण अथवा नवीनीकरण हेतु अपर जिलाधिकारी पंकज उपाध्याय की अध्यक्षता में जिला रजिस्ट्रीकरण प्राधिकरण की महत्वपूर्ण बैठक जिला कार्यालय सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में अपर जिलाधिकारी ने कहा कि चिकित्सा सेवा मानव जीवन से संबंधित है, इसलिए चिकित्सालयों में मानकों के अनुसार व्यवस्थाएं सुनिश्चित हों ताकि मरीज को उचित उपचार मिल सके। उन्होने कहा कि मानव स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ कतई बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। उन्होंने कहा कि एक्ट में उल्लिखित पद्धतियों के आधार पर ही चिकित्सा संस्थानों के पंजीकरण किये जाये। अपर जिलाधिकारी ने कहा कि चिकित्सालय जनता के लिए होते हैं इसलिए पंजीकरण मानकों व सुविधाओं के अनुसार किया जाये। चिकित्सालयों में सेवा देने वाले सभी कार्मिक सेवा की पात्रता अवश्य रखते हों ताकि मरीज को स्वास्थ्य की उचित सेवा मिल सके। उन्होंने कहा कि जनपद में अपंजीकृत चिकित्सकों(झोलाछाप) द्वारा अवैध रूप से संचालित क्लीनिकों, पैथोलॉजी लैबों तथा ऐसे पंजीकृत क्लीनिकों, चिकित्सालय जो नियम विरूद्ध कार्य कर रहे हैं की संयुक्त टीम चिकित्साधि



कारी, उपजिलाधिकारी, पुलिस, अन्य सदस्यों द्वारा छापेमारी की जाए, छापेमारी जांच दौरान फोटो एवं वीडियोग्राफी करते हुए उपकरण, दवाएं आदि सील किये जाएं व पुख्ता जांच आख्या बनाकर क्लीनिक को सीज किया जाए व प्राथमिकी भी दर्ज की जाए। उन्होंने कहा कि सभी चिकित्सालयों, क्लीनिकों में एस.टी.पी. के साथ ही बायोमेडिकल वेस्ट मानकों के अनुसार किया जाए। उन्होंने कहा कि सरकारी चिकित्सालयों में उचित व्यवस्थाएं जैसे साफ-सफाई, बिस्तर, शौचालय, आवश्यक उपकरणों की उचित व्यवस्थाएं करते हुए संचालित किए जाएं। चिकित्साधिकारी नियमित चिकित्सालयों का अवश्य निरीक्षण करें ताकि उचित व्यवस्थाएं बनी रहें।मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. मनोज कुमार शर्मा ने बताया कि जनपद में कुल 706 चिकित्सालय, क्लीनिक, पैथोलॉजी लैब पंजीकृत हैं जिसमें से 202 स्थायी व 504 अस्थायी रूप से पंजीकृत हैं। उन्होंने बताया कि रजिस्ट्रीकरण प्राधिकरण को 129 चिकित्सालय, क्लीनिक, पैथोलॉजी लैब पंजीकरण हेतु प्राप्त हुए है, जिसमें से 87 अस्थायी व 42 स्थायी पंजीकरण अथवा नवीनीकरण हेतु आवेदन प्राप्त हुए हैं। उन्होंने बताया कि वित्तीय वर्ष 2023-24 में नैदानिक स्थापन अधि0 2010 व 2015 के अन्तर्गत 32 अवैध चिकित्सालय, क्लीनिक, लैब, झोलाछाप क्लीनिक संचालकों के खिलाफ कार्यवाही करते हुए 7.60 लाख जुर्माना आरोपित किया गया। बैठक में अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. हरेन्द्र कुमार मलिक, डॉ. नितिन कुमार, डॉ. आलोक कुमार शुक्ला, डॉ. टी0 पूजा, डॉ. खेमपाल, डॉ. महेश चन्द्र जोशी, डॉ. आर. के. दुबे, डॉ अभिलाष पाण्डे, डॉ. संजय, डॉ. अमरजीत सिंह, डॉ. पी. डी. गुप्ता, डॉ. सतीश, डॉ. पवन कक्कड़, आई.एम. ए. के उमेश तिवारी सहित अनेक चिकित्साधिकारी उपस्थित थे।

# पंतनगर एयरपोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी, सर्च अभियान चलाया

पंतनगर(उद संवाददाता)। पंतनगर एयरपोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी भरे ईमेल के बाद से अधिकारियों और कर्मचारियों में हड़कंप मचा हुआ है। ईमेल मिलने के बाद से एयरपोर्ट प्रशासन के हाथ-पांव फूल गए हैं। एयरपोर्ट प्रशासन ने आनन-फानन में चेकिंग अभियान चलाया। एयरपोर्ट और यात्रियों की सुरक्षा को देखते हुए बम निरोधक दस्ता बुलाकर सर्च अभियान चलाया गया। एयरपोर्ट पर लगातार चेकिंग की जा रही है। इसके साथ ही वाहनों को पार्किंग के बजाय परिसर से बाहर खड़ा करवाया गया है। जानकारी के मुताबिक हवाई सेवा प्रदाता सरकारी कंपनी एलायंस एयर के पास बीती 11 अप्रैल को एक धमकी भरा ईमेल आया था। ईमेल में एक अज्ञात व्यक्ति ने पंतनगर एयरपोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी दी थी। सोमवार को कंपनी प्रबंधन ने सोमवार शाम को एएआई के मुख्यालय के साथ-साथ पंतनगर एयरपोर्ट के डायरेक्टर को ईमेल फारवर्ड कर मामले की जानकारी दी। जिसके बाद प्रशासन ने सुरक्षा एजेंसियों को अलर्ट कर बम निरोधक दस्ता बुलाकर सर्च अभियान चलाया। घंटों की मशक्कत के बाद दस्ते को एयरपोर्ट में कोई अवांछनीय वस्तु का होना पाया गया। जिसके बाद अधिकारियों और कर्मचारियों ने राहत की सांस ली। मामले की गंभीरता को देखते हुए एयरपोर्ट प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद हो गया है। इसके साथ ही सुरक्षा कर्मी चौकन्ना हैं।

# सीएम योगी की माताजी को एम्स के जिरियाट्रिक वार्ड में भर्ती कराया

ऋषिकेश। यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ की मां को एम्स में भर्ती किया गया है। उन्हें जिरियाट्रिक वार्ड में चिकित्सकों की देखरेख में रखा गया है। एम्स प्रशासन का कहना है कि वृद्धावस्था में होने वालीं दिक्कतों के चलते उन्हें रूटीन चेकअप के लिए भर्ती किया गया है। योगी आदित्यनाथ की मां सावित्री देवी (85) को मंगलवार दोपहर करीब 12 बजे एम्स के जिरियाट्रिक वार्ड में भर्ती कराया गया। एम्स प्रशासन का कहना है कि अधिक उम्र में होने वालीं समस्याओं के चलते रूटीन चेकअप के लिए सावित्री देवी यहां पहुंची हैं। मंगलवार को विभिन्न विभागों के चिकित्सकों ने उनके स्वास्थ्य की जांच की। बताया जा रहा है कि योगी की बहन शशि पयाल भी मां को देखने आई थीं। सीएम के परिवार को मिलने वाली सुरक्षा व्यवस्था के तहत तैनात पुलिसकर्मी भी एम्स में मौजूद हैं। एम्स के पीआरओ संदीप कुमार ने सावित्री देवी के भर्ती होने की पुष्टि की है। जिरियाट्रिक वार्ड 60 साल से ऊपर वालों के लिए होता है। सभी विभागों के डॉक्टर इस वार्ड में आकर बुजुर्गों का उपचार करते हैं।

# उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थीयों को किया सम्मानित

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। सरस्वती विद्या मंदिर इण्टर कालेज में बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र/छात्राओं को सम्मानित करने हेतु प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जिसमें कक्षा बारहवीं के (15) एवं कक्षा 10वीं के (18) कुल 33 विद्यार्थियों की माताओ को एक-एक हजार रूपये के चौक कमला नेहरू पुरस्कार के रूप में प्रदान किए गए। तथा विद्यालय में कक्षा 12वीं/ 10वीं के प्रथम 10 स्थान प्राप्त करने वाले भैया बहिन को विद्यालय द्वारा सम्मानित किया गया। एवं कक्षा 10वीं में बोर्ड परीक्षा की वरीयता सूची में 24 वा स्थान प्राप्त करने वाली अंशिका मिश्रा को भी विद्यालय द्वारा सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह में विद्यालय के प्रधानाचार्य एवं विद्यालय प्रबंध कमेटी के अध्यक्ष, प्रबन्धक एवं विद्यालय के वरिष्ठ अध्यापक एवं छात्रों के अभिभावक सम्मिलित हुए। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित विद्यालय प्रबंध समीति के प्रबंधक अशोक सिंघल द्वारा सभी का मार्गदर्शन किया गया।





# मुख्य नगर आयुक्त का जाना हाल

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। निवर्तमान मेयर रामपाल सिंह ने मुख्य नगर आयुक्त नरेश चन्द्र दुर्गापाल के आवास पर पहुंचकर उनका हाल जाना और उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। बता दें नरेश चन्द्र दुर्गापाल बीते दिनों अचानक अस्वस्थ हो गये थे उन्हें उपचार के लिए दिल्ली ले जाया गया। ऑपरेशन के बाद उन्हें आराम



की सलाह दी गयी है। दिल्ली से उपचार कराने के बाद घर लौटने पर पूर्व मेयर रामपाल सिंह ने उनके निवास पर पहुंचकर स्वास्थ्य का हाल जाना। इस दौरान रामपाल सिंह ने उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। इस अवसर पर उनके साथ्ज्ञ भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अनिल चौळान भी मौजूद थे।

# विधायक सुमित हृदयेश को हिमांचल में बनाया पर्यवेक्षक

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। विधायक सुमित हृदयेश को हिमांचल प्रदेश में लोकसभा चुनाव में ज्वालामुखी, काँगड़ा लोकसभा क्षेत्र का पर्यवेक्षक नियुक्त किया। हल्द्वानी विधायक सुमित ने पार्टी नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जो जिम्मेदारी उन्हें सौंपी गई है। वह पूरी निष्ठा और ईमानदारी से निर्वहन करेंगे और लोकसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी की जीत सुनिश्चित करने में अपनी सर्वश्रेष्ठ भूमिका निभाएंगे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पूरी ताकत के साथ चुनाव प्रचार में जुटी हुई हे।

# अवैध शराब और खनन पर लगायें पूर्ण प्रतिबंध: डीएम

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। जनपद में कानून व्यवस्था बनाये रखने तथा अपराध करने की प्रवृत्ति पर रोक लगाने हेतु त्वरित अपराध निरोधात्मक कार्यवाही की जाये व अवैध शराब व खनन पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया जाये। यह निर्देश जिलाधिकारी उदयराज सिंह ने कलेक्ट्रेट एपीजे अब्दुल कलाम सभागार में मासिक स्टाफ बैठक लेते हुए अधिकारियों को दिए।जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिए कड़े कदम उठाये जाएं साथ ही अपराध करने की प्रवृत्ति को रोकने के लिए भी त्वरित कार्यवाही की जाए। उन्होंने कहा कि विभिन्न न्यायालयों में लंबित मामलों के निस्तारण हेतु त्वरित तारीखें ली जायें तथा सभी राजस्व अधिकारी नियमित अपनी कोर्ट लगायें व वादों का निस्तारण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि शत-प्रतिशत सम्मनों की तामीली सुनिश्चित की जाए। उन्होंने राजस्व वसूली पर विशेष ध्यान देने के निर्देश देते हुए कहा कि खनन, परिवहन, जीएसटी, आबकारी, बैंकों, निगमों आदि की बड़ी आरसी की सूची तहसीलवार तैयार करते हुए वसूली की जाए। उन्होंने कहा कि जनपद में विभिन्न स्तरों पर लंबित सीलिंग प्रकरणों की भी तहसीलवार सूची बनाकर प्रस्तुत करें ताकि लंबित प्रकरणों का निस्तारण किया जा सके। भूमि वादों को सभी उपजिलाधिकारी संवेदनशील होकर निस्तारित करें। जिलाधिकारी ने कहा कि अवैध कच्ची शराब बनाना व विक्रय करना गंभीर अपराध है इसको पूर्णतया रोकने हेतु कार्ययोजना बनायी जाए व संयुक्त टीम बनाकर नियमित प्रवर्तन कार्य किया जाए । उन्होंने कहा कि जनपद में खनन नियमानुसार करने के साथ ही अवैध खनन व अवैध परिवहन को रोकने एवं बिना नंबर प्लेट अथवा अवैध रूप से चल रहे वाहनों हेतु रोस्टर बनाकर परिवहन, खनन, पुलिस व राजस्व अधिकारी को संयुक्त रूप से छापेमारी कर रोकने व कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा संज्ञान में आया है कि जनपद से बिना रॉयल्टी के खनन दूसरे प्रदेशों में परिवहन किया जा रहा है, जिससे सरकार को राजस्व हानि हो रही है, उन्होंने इस पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने के निर्देश दिए ताकि राजस्व हानि को रोका जा सके। जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारियों को मजिस्ट्रियल जांचें शीघ्र करने के निर्देश दिए साथ ही कहा कि दुर्घटना स्थलों पर उपजिलाधिकारी, तहसीलदार तुरंत पहुंचें व घायलों आदि को तुरंत चिकित्सकीय उपचार दिलायें। उन्होंने एआरटीओ को निर्देश दिए कि वे दुर्घटना में घायलों को चिकित्सालयों से रिपोर्ट लेते हुए नियमानुसार राहत राशि बांटने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि सभी थानाध्यक्ष अपने अपने क्षेत्रों में होने वाली घटनाओं, दुर्घटनाओं की शीघ्र सूचना उपजिलाधिकारियों को देंगे ताकि त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने एआरटीओ व पुलिस को अपने अपने क्षेत्रों में दुर्घटना संभावित क्षेत्रों को चिन्हित करते हुए उन स्थानों पर बैरियर, रंबल स्ट्रिप लगवाने के निर्देश दिए। बैठक में अपर जिलाधिकारी अशोक जोशी, पंकज उपाध्याय, एसपी सिटी मनोज कत्याल, उपजिलाधिकारी मनीष बिष्ट, रविन्द्र बिष्ट, राकेश तिवारी, गौरव चटवाल, गौरव पांडे, कौस्तुभ मिश्र, अभय प्रताप सिंह, रविन्द्र जुवांठा, प्रभारी अधिकारी डॉ. अमृता शर्मा, डी.जी.सी. नंदन सिंह धामी, मनोज तिवारी, जिला आबकारी अधिकारी अशोक मिश्रा, पूर्ति अधिकारी श्याम आर्या, एआरटीओ विमल पांडे, चक्रपाणि सहित संबंधित अधिकारी थे।




## सीबीएसई बोर्ड में जीडी गोयनका स्कूल का उत्कृष्ट प्रदर्शन

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। सीबीएसई बोर्ड के नतीजे जीडी गोयनका पब्लिक स्कूल के लिए बेहद गर्व और खुशी लेकर आए हैं, जिसमें छात्रों ने असाधारण शैक्षणिक कौशल का प्रदर्शन किया। दसवीं कक्षा में करमजीत कौर ने 97.8 प्रतिशत अंकों के साथ स्कूल टॉपर का खिताब जीता। उसके बाद एंजेलीना शोरी ने 96.6 प्रतिशत अंकों के साथ दूसरा स्थान हासिल किया। बारहवीं कक्षा के प्रथम बैच में विज्ञान वर्ग से मानव मल्होत्रा ने 90 प्रतिशत अंक के साथ उच्चतम प्रतिशत हासिल किया और मानविकी वर्ग से वैभवी ने 90 प्रतिशत अंक हासिल किये। अध्यक्ष अतुल गोयल, अकादमिक निदेशक श्रीमती रुचि गोयल, प्रिंसिपल श्रीमती रूपाली पुरी, प्रबंधन और समर्पित शिक्षकों सहित सम्मानित नेतृत्व ने सभी छात्रों और उनके अभिभावकों को हार्दिक बधाई दी। उन्होंने कहा कि उनकी उल्लेखनीय उपलब्धियाँ शैक्षणिक उत्कृष्टता और समग्र विकास के प्रति स्कूल की प्रतिबद्धता के प्रमाण के रूप में खड़ी हैं।









## यूथ एशियन जू-जित्सु चैंपियनशिप में पदक जीतकर लौटे जय लोहनी

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। आबू-धाबी (यूएई) में अयोजित हुई यूथ एशियन जू-जित्सु चौंपियनशिप में भारत देश का परचम लहराते हुए कांस्य पदक अर्जित करने वाले जू-जित्सु खिलाड़ी जय लोहनी एवं उसके प्रशिक्षक ऋषि पाल भारती को जिला खेल कार्यालय रूद्रपुर में जिला क्रीड़ा अधिकारी जानकी कार्की, बॉक्सिंग कोच विनोद तिवारी व अन्य खेल प्रशिक्षकों ने गर्मजोशी के साथ शॉल ओढ़ाकर, माल्यार्पण व बुके देकर एवं मिठाई खिलाकर गर्मजोशी से स्वागत किया। इस अवसर पर जिला क्रीड़ा अधिकारी जानकी कार्की ने बधाई देते हुए कहा कि आज हमारे शहर के लिए गर्व की बात है, क्षेत्र के खिलाड़ी एशिया स्तर पर भारत देश का प्रतिनिधित्व कर भारत देश का तिरंगा विश्व स्तर पर लहरा रहे हैं। ओर उन्होंने आगे कोच ऋषि पाल भारती की प्रशंसा करते हुए कहा कि आपके द्वारा कई खेल प्रतिभाओं को सामने लाने का कार्य किया जा रहा है, विषम परिस्थितियों में भी आपके जज्बे और हौसलों के साथ आज जु-जित्सू खेल के खिलाड़ी विभिन्न राष्ट्रीय, एशियन गेम्स, एशियाई प्रतियोगिताओं में पदक जीतकर जनपद, राज्य एवं देश का नाम गौरवान्वित कर रहे है। कोच ऋषि पाल भारती ने बताया कि ओलिंपिक काउंसिल ऑफ एशिया (ओसीए) द्वारा अधिकृत जु-जित्सू इंटरनेशनल फेडरेशन (जेजेआईएफ) व जु-जित्सू एशियन यूनियन (जेजेएयू) के नेतृत्व में हाल ही में आबू-धाबी (यूएई) में यूथ एशियन जू-जित्सु चैंपियनशिप आयोजित हुई। जिसमें एशिया से 24 देशों के 683 जु-जित्सू खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। जिसमें भारत देश का प्रतिनिधित्व करते हुए रूद्रपुर शहर के जय लोहनी ने अंडर 18 आयुवर्ग के (-48 किग्रा) की जु-जित्सू फाइटिंग के पहले मुकाबले में उज्बेकिस्तान के खिलाड़ी रुजमेतोव अस्लबेक एवं दूसरे मुकाबले में मंगोलिया के खिलाडी अल्तांदुष को हराया। एवं अपने तीसरे मैच में कजाकिस्तान के खिलाड़ी सुयेकेनोव द्वारा हार का सामना करते हुए कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा। कोच ऋषि पाल ने बताया कि जय लोहनी ने अपने जीवन में घोर आर्थिक तंगी का सामना किया लेकिन कभी उसे अपने सपनों की उड़ान की राह में बाधा बनने नही दिया। आज जय लोहान अपनी छोटी उम्र में कई खिलाड़ियों के प्रेरक बन गए है। जय लोहनी ने अपनी जीत का श्रेय अपने प्रशिक्षक कोच ऋषि पाल भारती, सीनियर कमल सिंह एवं अपने परिवार को दिया। ओर उन्होंने आगे कहा कि कई एनजीओ, संस्थाएं, कंपनिया क्रिकेट जैसे लोकप्रिय खेल को लाखों में दान दे रहे हैं लेकिन उनके जैसे कई खिलाड़ियों को अपनी रोजमर्रा की बुनियादी जरूरतों के लिए भी संघर्ष करना पड़ रहा है। सरकार एवं अन्य एनजीओ भी सभी खेलों के खिलाड़ी के लिए सुविधाओं व अवसरों का ध्यान रखे और संसाधनों की कमी को दूर कर उन्हें भी देश के लिए बेहतर करने का मौका दिया जाए। जिससे वह और अच्छा प्रदर्शन कर सकें। इस मौके पर जिला जू-जित्सु संघ के अध्यक्ष भारत भूषण चुघ, कोषाध्यक्ष किशोर सिंह, उपाध्यक्ष जॉनी हिराम, कमल सिंह, डी.के सिंह, विजेंद्र चौधरी, शोभा तिग्गा, शंकर सिंह बसेरा, हिमा भट्ट, गंगा मेहरा, देवेंद्र रावत, विनोद लखेरा, कैनथ लाल, अभिषेक राजपूत, नरेंद्र कुमार, वसीम खान, प्रिया विश्वास, रुनू शर्मा, शिवानी, लोरी, सतनाम चावला, रघु रावत, मनोज सिंह, नीतिश कुमार, कैलाश सिंह, गणेश लोहनी, धीरज, चम्पा सहित अनेकों लोगों ने बधाई दी।



# कुमार आटोव्हील्स में लॉंच हुई महिन्द्रा की XUV-3XO

रूद्रपुर (संवाददाता)।जानी मानी वाहन निमार्ता कंपनी महिन्द्रा एण्ड महिन्द्रा की नई कार XUV-3XO की






भव्य लांचिग कुमार आटोव्हील्स प्रा०लि० के किच्छा बाइपास रोड स्थित शोरूम में हुई। कंपनी के सीएमडी शिव कुमार अग्रवाल, अभिषेक अग्रवाल, सौरभ अग्रवाल भारतीय स्टेट बैंक के डीजीएम कृष्ण कान्त विश्नोई, एजीएम विनोद सेमवाल, शाखा प्रबन्धक प्रबन्ध विरेन्द्र कूजूर, प्रबन्धक सुमित पोखरियाल द्वारा संयुक्त रूप से पर्दा उठाकर वाहन की लॉंचिंग की गयी। इस अवसर पर कम्पनी के जीएम विपिन पाण्डे ने वाहन के फीचर व उसकी खुबियों को सम्मानित ग्राहकों व उपस्थित लोगों के समक्ष रखा। उन्होने बताया कि XUV-3XO नौ वैरियन्ट में 3 इंजन आप्शन, 3 ट्रांसमिशन, स्टॅटिंग वेरियन्ट से ही 6 एयर बैग, ईसपी सूट्स, 4 व्हील डिस्क ब्रेक्स, के साथ दो सीरिज एएक्स और एक्स में उपलब्ध है। अपने सेगमेन्ट में पहली बार स्काई रूप, एडरेनोक्स, एलेक्सा लेवल-2 अडास जैसे आधुनिक फीचर्स के साथ उपलब्ध है। इसमें हरमन एण्ड कारडोन का आधुनिक म्यूजिक सिस्टम दिया गया है। वाहन की बुकिंग 15 मई से शुरू हो गयी है। वाहन की शुरूआती कीमत 7.49 लाख है। कम्पनी के निदेशक सौरभ अग्रवाल ने बताया कि कार्य की गुणवत्ता, परफारमेन्स क्वालिटी के कारण ही हमारी गिनती इण्डिया के टाप डीलर्स में होती है। इस दौरान महिन्द्रा कम्पनी के अधिकारी द्वारा वाहन के रखरखाव के बारे में विस्तार से जानकारी दी गयी उनके द्वारा बताया गया कि भविष्य में महिन्द्रा के और भी सेगमेन्ट देखने को मिलेंगे। इस अवसर पर शोरूम के सभी अधिकारी-कर्मचारी, इन्श्योरेन्स कम्पनी, फाईनेन्स कम्पनी एवं शहर के गणमान्य लोग व ग्राहकगण उपस्थित थे।

## डीपीएस में तनिश और वरूण रहे टॉपर

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।दिल्ली पब्लिक स्कूल का सीबीएसई बोर्ड का परीक्षा परिणाम इस वर्ष भी प्रदर्शन उत्कृष्ट रहा।विद्यालय का कुल मिलकर औसत परिणाम कक्षा 12 का 80 प्रतिशत और कक्षा 10 का 85 प्रतिशत रहा। विद्यालय के कक्षा 12 में तनिश कनोडिया ने 97. 6 प्रतिशत अंको के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रतीक्षा दीक्षित और दक्ष श्रीवास्तव 96.6 प्रतिशत अंको के साथ द्वितीय स्थान पर रहे और आयुष कुशवाहा ने 95.8प्रतिशत अंको के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा 10 में वरुण सी ने 99.2 प्रतिशत अंको के साथ प्रथम स्थान एवं जिला स्तर पर तृतीय स्थान प्राप्त किया। कनिका धर्मशक्तु ने 97.8 प्रतिशत अंको के साथ द्वितीय स्थान और ऋतुजा योगेश कुलकर्णी ने 97.4 प्रतिशत अंको के साथ तीसरा स्थान प्राप्त किया। कक्षा 10 में 40 छात्रों ने 90प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त








किया है , 45 छात्रों ने 80प्रतिशत से अधिक अंक और कक्षा 12 में 17 छात्रों ने 90प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित किया है। विद्यालय के चेयरमैन सुरजीत सिंह ग्रोवर ने समस्त छात्रों व उनके अभिभावकों को सफलता के लिए शुभकामनाएँ प्रेषित करते हुए हर्ष जताया। श्री ग्रोवर ने विद्यालय के सभी शिक्षकों की सराहना करते हुए छात्रों व उनके परिवार को बधाई देते हुए कहा कि इस परिणाम के लिए छात्रों, अभिभावकों और शिक्षकों के साथ -साथ पूरी टीम ने बहुत मेहनत की है।

## दिव्यांग बच्चों को बांटी शिक्षण सामग्री

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। गोलापुर स्थित नेशनल एसोसिएशन ओफ ब्लाइंड में माधवी फाउंडेशन के अध्यक्ष पीयूष जोशी व सदस्यों के नेतृत्व में पठन-पाठन सामग्री का वितरण किया गया। साथ ही नैब में पढ़ने वाले दिव्यांग बच्चों को फल, कोपी, किताबे आदि भी वितरित किए गए। यह वितरण संस्था के संरक्षक व अन्ना हजारे की राष्ट्रीय कोर कमेटी के सदस्य, भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता गोपाल



सिंह चौधरी के जन्मदिन के अवसर पर किया गया। इस दौरान संस्था अध्यक्ष पीयूष जोशी ने भोपाल सिंह चौधरी के दीर्घायु होने की कामना की। वही नैब के बच्चो ने चौधरी के जन्मदिन पर उनके लिए दुआएं मांगी। इस दौरान संस्था के सदस्य व छात्र महासंघ उपाध्यक्ष सचिन फुलारा ने कहा कि विभिन्न सामाजिक राजनीतिक संगठनों को अपने जन्मदिन के कार्यक्रमों को समाज के दबे कुचले वर्ग के साथ मिलकर मनाना चाहिए। जिससे उन्हें यह एहसास ना हो कि वह समाज से अलग-थलग हैं। बल्कि समाज में बहुत जुड़ा हुआ महसूस करें। इस दौरान भाजपा किसान मोर्चा मंडल महामंत्री विनीत कबडाल ने कहा कि सामाजिक कार्यों से जुड़े हुए लोगों को अपने जन्मदिन पर ऐसे दिव्यांग व समाज से अलग- थलग पड़े वर्गो के साथ आकर कार्य करना चाहिए। जिससे उन्हें समाज की मुख्य धारा में शामिल किया जा सके। कार्यक्रम में संजय दुमका आदि संस्था के सदस्य मौजूद रहे।

## शिविर में दी जीवनोपयोगी जानकारियां

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। भारत विकास परिषद हल्द्वानी शाखा द्वारा पांच दिवसीय बाल संस्कार शिविर बीपीएल शिक्षा समिति नवाबी रोड हल्द्वानी में आयोजित किया गया। प्रतिदिन शिविर का प्रारंभ राष्ट्रगीत वंदे मातरम तथा देश हमें देता है सब कुछ गीत से किया गया। शिविर में मुख्य रूप से योग, साइबर क्राइम,



सेल्फ डिफेंस, आर्ट एंड क्राफ्ट, महापुरुषों के प्रेरणादायक प्रसंग, स्वास्थ्य देखभाल संबंधी जानकारी, गायत्री मंत्र पाठ, कहानी लेखन, भाषण और कार्ड मेकिंग प्रतियोगिता कराई गई। कार्यक्रम में क्षेत्रीय संयोजिका महिला एवं बाल विकास डॉक्टर पाला मेहता, प्रांतीय महिला संयोजिका श्रीमती गीतू केसरवानी, शाखा अध्यक्ष भवानी शंकर नीरज, सचिव डॉक्टर अभिषेक मित्तल, महिला संयोजिका निधि अग्रवाल तथा बीपीएल शिक्षा समिति की अध्यक्ष पार्वती किरोला का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ। शिविर से 55 से 60 बच्चे लाभान्वित हुए।

## जल संस्थान के विरुद्ध खाली बाल्टी लेकर किया प्रदर्शन

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। इंदिरा नगर, बरसाती, दुर्गा मंदिर, सबरी सफारी मस्जिद व नूरी मस्जिद क्षेत्र सेकड़ो महिलाओं ने पेयजल की समस्या को लेकर समस्या को लेकर निवर्तमान पार्षद फाईम जेबा सलमानी के नेतृत्व में जल संस्थान के विरुद्ध हाथों में खाली बाल्टी लेकर उग्र प्रदर्शन किया। पेयजल की समस्या से ग्रस्त सैकड़ो महिलाओं ने कहा कि उनके घरों में 15 दिनों से पानी नहीं पहुंच रहा है। लोगों को खाना बनाने के लिए तक पानी नहीं मिल रहा है। बच्चे स्कूल नहीं जा पा रहे हैं। पीने के पानी के लिए कई किलोमीटर दूर जाना पड़ रहा है। पानी के ना आने के कारण के कारण यहां के लोग बहुत परेशान हैं। पूरी रात जागकर अपने घरों का नल चेक करते हैं। पर उनको निराशा ही लगती है। गोला में काम करने वाले लोग अपने जानवरों को पानी तक नहीं पिला पा रहे हैं। इस भीषण गर्मी में लोग एक-एक बाल्टी पानी के लिए तरस रहे हैं। पर जल संस्थान के अधिकारी यहां की समस्या को हल करने में कोई रुचि नहीं ले रहे हैं। लोगों का कहना है कि कई बार प्रदर्शन करने के बाद भी कोई भी उच्च अधिकारी उनसे मिलने तक नहीं आया और जिन इलाकों में पानी



नहीं पहुंच रहा है वहां का दौरा तक नहीं किया। बार-बार शिकायत करने के बाद भी जल संस्थान के अधिकारी इंदिरा नगर बरसाती दुर्गा मंदिर आदि दर्जनों बस्तियों को अनदेखा कर रहे हैं। निवर्तमान पार्षद फाईम जेबा सलमानी का कहना था कि पानी का ट्यूबवेल ता खराब है। परंतु यहां पर 15. 20 दिनों से पानी नहीं आ रहा है। यहां पर मस्जिदों, मंदिरों में भी पानी नहीं है। स्कूलों में मिड डे मील का भोजन बनाने में दिक्कत आ रही है। इस तपती गर्मी में इस क्षेत्र के लोग एक-एक बाल्टी पानी के लिए तरस रहे हैं पर जल संस्थान के अधिकारी न तो सुनने को तैयार है न हीं समस्या हल करने को तैयार है। जल संस्थान यहां के लोगों की उपेक्षा कर रहा है। इंदिरा नगर बरसाती में 80 प्रतिशत लोग घोड़ा बग्गी चलते हैं। उनके जानवरों को पीने का पानी तक नहीं मिल रहा है। उनका कहना था जल संस्थान के अधिकारियों ने यहां की समस्याएं हल न की तो वह आम जनता को साथ लेकर जल संस्थान का घेराव करेंगे। जल संस्थान के विरुद्ध उग्र आंदोलन करेंगे चाहे उसके लिए उनको जेल ही जाना पड़े। जल निगम ने यहां पर करोड़ों रुपए की पेयजल पाइप लाइन बिछाई पर पाइप लाइन में पीने का पानी नहीं है। सरकारी पैसा का दुरुपयोग किया गया। पीने के पानी की पाइपलाइन तो डाली गई परंतु पेयजल की व्यवस्था कोई नहीं की गई। इस दौरान राजकीय इंटर कॉलेज अभिभावक संघ की अध्यक्ष श्रीमती कमर जहां। विद्यालय प्रबंध समिति की अध्यक्ष श्रीमती नगमा। छोटी नसीब बेगम. जीना जहां. भगवती. राजू देवी. विमला देवी, सिमरन. महक इम्तियाज. मेहताब सलमानी. श्रीमती जेबन निशाह. मसरूर अहमद. अशरफ अहमद. असगर अली. शब्बीर अहमद अल्वी. अनस सलमानी. इमरान सलमानी. सहित सेकड़ो महिलाये व पुरुष ने जल संस्थान के विरुद्ध जमकर नारेबाजी की।

## राष्ट्रीय कराटे में ऊधम सिंह नगर के खिलाड़ियों नें जीते पांच पदक

रुद्रपुर (ऊधम सिंह नगर) कराटे इण्डिया आर्गेनाईजेशन के तत्वाधान में देहरादून में हुई राष्ट्रीय कराटे प्रतियोगिता में ऊधम सिंह नगर के खिलाड़ियों नें राज्य कराटे टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए एक स्वर्ण, दो रजत व दो कांस्य पदक अर्जित किये हैं, जिला सचिव व उत्तराखण्ड कराटे टीम के हेड कोच लक्ष्मण सिंह नें जानकारी देते हुए बताया कि उत्तराखण्ड के खिलाड़ियों नें उक्त प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कुल 14 पदक जीते जिसमें 6 स्वर्ण, 3 रजत व 5 कांस्य पदक अर्जित किये हैं जिसमे जिला ऊधम सिंह नगर के जशनप्रीत सिंह नें जूनियर वर्ग के +76




किग्रा में स्वर्ण पदक, नितिन जोशी नें जूनियर वर्ग के 67 किग्रा में रजत पदक, गगनप्रीत सिंह नें सीनियर पुरुष की टीम कुमिते में रजत पदक व नीलम मेहरा एवं सुमन बोहरा नें सीनियर महिला की टीम कुमिते में कांस्य पदक अर्जित कर उत्तराखण्ड राज्य को गौरवान्वित किया हैं, प्रतियोगिता में उत्तराखण्ड के खिलाड़ियों नें सर्वाधिक पदक अर्जित किये हैं, तथा आगामी अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता व 38वे राष्ट्रीय खेलों हेतु सभी खिलाड़ियों का आत्मविश्वास व मनोबल बढ़ा है तथा आशा हैं कि आगामी प्रतियोगिताओं में खिलाड़ी पुनः उत्कृष्ट प्रदर्शन कर उत्तराखण्ड राज्य को गौरवान्वित करेंगे। खिलाड़ियों के पदक जीतने पर जिला क्रीड़ा अधिकारी जानकी कार्की, कराटे एसोसिएशन ऑफ ऊधम सिंह नगर के अध्यक्ष सतेन्द्र शर्मा रघुवीर सिंह,योगेश चन्द्र पोखरिया, नितीश भारद्वाज, हरीश राम, आदि खेल प्रशिक्षकों व प्रेमियों नें खिलाड़ियों व कोच को बधाई दी तथा उनके उज्वल भविष्य कि कामना की।

## होली चाइल्ड स्कूल की श्रुति ने रामपुर जिले में किया टॉप

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। होली चाईल्ड स्कूल का सीबीएसई बोर्ड का परीक्षाफल इस बार भी शानदार रहा। 12वीं के कामर्स संवर्ग की छात्रा श्रुति खुराना-98.4 प्रतिशत अंक के साथ विद्यालय में प्रथम स्थान,पश्चिम उत्तर प्रदेश में तृतीय और रामपुर जिले में प्रथम स्थान अर्जित किया। बिजनेस स्टडी में श्रुति को शत प्रतिशत अंक मिले हैं। श्रुति ने अपनी सफलता का श्रेय माता पिता एवं गुरूजनों को दिया है। श्रुति की इस उपलब्धि पर विद्यालय के संरक्षक योगराज बत्रा, चेयरमैन आर. के. बत्रा, सचिव विकास बत्रा, एमडी श्रमति पूजा बत्रा,



विनय बत्रा, प्रधानाध्यापक मिंटू दुबे, उप प्रधानाचार्य प्रदीप कुमार जोशी व श्रीमति मंजू अधिकारी ने हार्दिक बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना है।

## उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय
सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

# नेताओं की बेलगाम भाषण बाजी

लोकसभा के लिए जारी चुनाव में सभी दल और उनके नेता प्रचार अभियान में पहले से ज्यादा मुखर हो रहे हैं। मगर इस बीच कई दलों के वरिष्ठ नेताओं की भी जैसी बयानबाजियां सामने आई हैं, उससे साफ है कि मतदाताओं को अपनी ओर आकर्षित करने के लिए सार्वजनिक रूप से भी दिए जाने वाले भाषणों में मर्यादा का खयाल रखना जरूरी नहीं समझा जा रहा है। जनहित के मुद्दे उठाने और उस पर केंद्रित सकारात्मक बहस के जरिए जनता के सामने मुद्दे को लेकर स्पष्टता बनाने में रुचि कम दिखती है, जबकि आक्रामक बयानबाजियों के जरिए लोगों को अपने पक्ष में खड़ा करने की कोशिश आम होती जा रही है।ऐसे में निर्वाचन आयोग की यह सलाह महत्त्वपूर्ण है कि राजनीतिक दलों के शीर्ष नेताओं को प्रचार अभियान में विमर्श के ऐसे अच्छे उदाहरण स्थापित करने चाहिए, जिसकी उनसे अपेक्षा है। उम्मीद यह भी की जाती है कि इस क्रम में नेता ऐसी बातें नहीं करेंगे, जिससे समाज का नाजुक ताना-बाना खराब हो। इसी के मद्देनजर आयोग ने कहा कि यह नेताओं की जिम्मेदारी है कि वे चुनाव के बचे हुए चरणों के दौरान अपने बयानों और भाषणों में उठाए जाने वाले मुद्दों को सही तरीके से पेश करें।देश के लोकतांत्रिक ढांचे और सामाजिक ताने-बाने के लिहाज से देखें तो निर्वाचन आयोग की सलाह की अपनी अहमियत है। मगर एक संवैधानिक निकाय होने और देश में चुनाव आयोजित कराने की सारी जिम्मेदारी उठाने के बावजूद उसकी इस तरह की अपेक्षाओं की जमीनी हकीकत क्या है? ऐसे क्या कदम उठाए जाते हैं, जिससे चुनाव प्रचार के दौरान विमर्श को एक आदर्श स्तर देने की सलाह पर अमल सुनिश्चित हो? यह छिपा नहीं है कि देश में राजनीतिक दलों के वरिष्ठ नेता भी चुनाव के दौरान जैसी टिप्पणियां कर देते हैं, वे कई बार न सिर्फ मर्यादा के खिलाफ और निम्न स्तर के होते हैं, बल्कि उससे देश की लोकतांत्रिक गरिमा को भी गहरी चोट पहुंचती है। अफसोसनाक यह भी है कि ऐसा करने में राष्ट्रीय कही जाने वाली राजनीतिक पार्टियों के निचले स्तर के नेता-कार्यकर्ता तो बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेते ही हैं, कई बार शीर्ष नेता भी निजी हमले करने या आदर्श आचार संहिता को धता बता कर अवांछित और निराधार टिप्पणियां करने से बाज नहीं आते। अक्सर माहौल इस हद तक कड़वा हो जाता है कि अच्छे विमर्श की जगह नहीं बन पाती। ऐसे में बहस को एक स्तरीय स्वरूप देने की चुनाव आयोग की अपेक्षा लोकतंत्र की मजबूती के लिहाज से जरूरी है। मगर यह सवाल लाजिमी है कि नेताओं की कुछ बेलगाम बयानबाजियों के खिलाफ कार्रवाई करके जहां आयोग को स्पष्ट संदेश भी देना चाहिए, वहां सिर्फ आग्रह करने की औपचारिकता का हासिल क्या होगा! अगर कभी निर्वाचन आयोग के पास अनर्गल टिप्पणियों के लिए किसी नेता के खिलाफ शिकायत जाती भी है तो नोटिस जारी करने से लेकर कार्रवाई होने तक की हकीकत छिपी नहीं रही है। आखिर क्या कारण है कि आयोग की तमाम हिदायतों के बावजूद नेताओं की बेलगाम बयानबाजियां बंद नहीं हो पा रहीं? आजादी के सात दशक के बाद के चुनावों में भी मतदाताओं को अपने पक्ष में लाने के लिए अलग-अलग दलों के शीर्ष स्तर के नेता अगर एक बेहतर और गरिमापूर्ण लोकतांत्रिक विमर्श खड़ा कर पाने के बजाय बेहद उथली टिप्पणियों के जरिए चुनाव में जीत हासिल करने की कोशिश करते हैं तो यह किसकी नाकामी है?

# 'गढ़वाल में राजधानी रहेगी तो कुमाऊं में हाईकोर्ट'

## उत्तराखंड में हाईकोर्ट की शिफ्टिंग पर पूर्व राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी ने सीएम धामी को भेजी चिट्ठी

नैनीताल/देहरादून। पूर्व राज्यपाल व पूर्व मुख्यमंत्री भगत सिंह कोश्यारी ने उत्तराखंड हाईकोर्ट को लेकर मुख्यमंत्री पुष्कर धामी को पत्र लिखा है। जिसमें भगत सिंह कोश्यारी ने बिंदुवार अपनी राय रख सीएम धामी को अवगत कराया है। कुमाऊं में हाईकोर्ट ही एकमात्र बड़ा संस्थान बचा



हुआ है, उसे भी यहां से ले जाने की कोशिश की जा रही है, जबकि राज्य गठन के समय स्पष्ट था कि गढ़वाल में राजधानी रहेगी तो कुमाऊं में हाईकोर्ट। अब इस मामले को लेकर कुमाऊं में विरोध होने लगा है। वहीं अब मा० उच्च न्यायालय नैनीताल द्वारा उच्च न्यायालय को नैनीताल से अन्यत्र स्थानांतरित करने के लिए नये स्थान ढंढने के निर्देश दिये गये है, इसके सम्बन्ध में पूर्व राज्यपाल, महाराष्ट्र व गोवा राज्यपूर्व मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड भगत सिंह भगत सिंह कोश्यारी ने प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के को पत्र लिखा है जिसमें उन्होंने कहा है कि उत्तराखण्ड (उत्तरांचल) राज्य बनाते समय विस्तृत विचार विमर्श के बाद देहरादून को तात्कालिक राजधानी एवं नैनीताल में उच्च न्यायालय बनाने का निर्णय लिया गया था। नैनीताल में अंग्रेजों के समय से ही राजभवन, सचिवालय आदि बनाये गये हैं,यह उत्तर-प्रदेश की गर्मियों की राजधानी के रूप में प्रयुक्त होता रहा है, किन्तु नये राज्य में नैनीताल को राजधानी बनाने से मंत्रियो, विशिष्ट जनों की अधिकता से स्थानीय पर्यटन व जनजीवन को बाधा पहुंचने की सम्भावना को देखते हुए यहां क्षेत्रीय संतुलन को ध्यान में रखकर हाईकोर्ट की स्थापना की गई थी। उन्होंने कहा कि मैं कानून का विद्यार्थी नहीं हूँ किन्तु लम्बे समय तक संसद व विधान मण्डल के सदस्य रहने के कारण मेरा कहना है कि न्यायालय का सम्मान रखते हुए भी राज्य की कौन सी संस्था, विभाग कहां रहे इसका निर्णय संसद या विधान मण्डल ही करते आये है। मा0 न्यायालय इस सम्बन्ध में निर्णय लेने लगेंगें तो पी.आई. एल. कर्ता कल को किसी भी विभाग जिला, तहसील आदि की मांग को लेकर न्यायालय पहुँच जायेंगे व इससे संविधान द्वारा केन्द्र या प्रदेश सरकारों को दिये गये अधिकार क्षेत्र में हस्तक्षेप की सम्भावना बढ़ जायेगी। जहां तक नैनीताल हाईकोर्ट के अन्यत्र स्थानांतरित करने का प्रश्न है मेरी जानकारी के अनुसार प्रदेश सरकार इससे पहले से ही सहमत है। जैसा कि मा उच्च न्यायालय ने अपने निर्देश में स्वयं कहा है कि ( निर्देशसंख्या 13 एवं 14 ) मा उच्च न्यायालय की फूल बैंच ने गौलापार हल्द्वानी में कोर्ट को स्थापित करने की प्रक्रिया पर सहमति दी थी। शासन/प्रशासन द्वारा इस प्रकिया को आगे बढ़ाते हुए गौलापार में लगभग 26 बीघा जमीन का चयन कर वन विभाग से अनापत्ति हेतु प्रकिया पूर्ण कर ली गई है तथा केन्द्रीय वन एव पर्यावरण विभाग से इस पर विचार कर 26 बीघे जमीन को अधिक बताते हुए इसे कुछ कम करने के लिए प्रदेश सरकार को निर्देशित किया गया है। इसमें क्षतिपुर्ति के लिए वन विभाग को अन्यत्र वन लगाने हेतु जमीन का भी चयन कर लिया गया है ऐसे में अब अन्यत्र वैकल्पिक स्थान ढूंढने हेतु दिये गये निर्देश से क्षेत्र में असन्तोष फैलने की सम्भावना से नकारा नही जा सकता है। वैसे भी उक्त प्रस्तावित स्थान रौखड़ के रूप में अभिलेखों में दर्शाया गया है। उक्त स्थान में स्थित अधिकांश पेड केवल 4 से 6 इंच मोटाइ के ही हैं। मा० न्यायालय ने अपने आदेश में स्वयं ही स्वाच्छ न्यायालय के निर्देशों काहवाला देते हुए कहा है कि अधिवक्ताओं को आभासी या आन लाईन बहस करने का अभ्यास डालना चाहिए। न्यायालय से अपने आदेश में स्वयं ही सर्वाच्च न्यायालय के निर्देशों का हवाला देते हुए कहा है कि अधिवक्ताओं को आभासी या आन लाईन बहस करने का अभ्यास डालना चाहिए। मा० न्यायालय ने नैनीताल में आसपास चिकित्सा आदि की उचित व्यवस्था नही होने का जिक्र किया गया है। गौलापार हाईकोर्ट बन जाने से हल्द्वानी में सभी प्रकार की सरकारी व निजी अस्पतालों के माध्यम से चिकित्सा की उचित सुविधा उपलब्ध हो जायेगी। यहां से हवाई अड्डा भी बन जाने से 20 या 25 मिनट पंतनगर पहुचा जा सकता है। उन्होंने कहा कि मैं मा. उच्च न्यायालय का पूर्ण सम्मान करते हुए आपसे कहना है कि कृपया उच्च न्यायालय के लिए, जनमत संग्रह जैसी प्रथा से बचाया जाये। इससें भविष्य में इसका दुरूपयोग हो सकता है। इस सम्बन्ध में शासन की ओर से केन्द्र सरकार या सर्वोच्च न्यायालय के माध्यम से शीघ्रतिशीघ्र समस्या का समाधान निकाला जाये।

# हाउस ऑफ हिमालयाज योजना की प्रत्येक माह होगी समीक्षा : सीएस

देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी की अध्यक्षता



मंगलवार को सचिवालय में हाउस ऑफ हिमालयाज की प्रथम बोर्ड मीटिंग सम्पन्न हुई। इस दौरान हाउस ऑफ हिमालयाज के कार्यों को गति देने हेतु सीएस ने हाउस ऑफ हिमालयाज से संबंधित विभागों के साथ नियमित रूप से प्रत्येक माह समीक्षा बैठक का निर्णय लिया है। हाउस ऑफ हिमालयाज के तहत मांग के अनुरूप पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित करने हेतु सीएस ने महिला स्वयं सहायता समूहों एवं स्थानीय लोगों से अधिकाधिक स्थानीय उत्पादों की खरीद सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। मुख्य सचिव ने कहा कि उत्तराखण्ड के विभिन्न विभागों की परियोजनाओं/पहल के माध्यम से प्रचलित उनके सभी ब्राण्ड्स को अम्ब्रेला ब्राण्ड के तहत लाए जाने, स्थानीय उत्पादों की पहुंच बढ़ाने, गुणवत्ता, पैकेजिंग, ब्रांडिंग करने में हाउस ऑफ हिमालयाज ग्लोबल प्लेटफॉर्म साबित होगा। मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी ने कहा कि राज्य स्तर पर हाउस ऑफ हिमालयाज के रूप में कम्पनी के गठन से स्थानीय हितधारकों, स्वयं सहायता समूहों, किसानों व स्थानीय उत्पादकों की आजीविका संवर्द्धन कर उन्हें उनकी फसलों व उत्पादों का बेहतर मूल्य प्राप्त होगा। उत्तराखंड के स्थानीय उत्पादों की प्रोसेसिंग/पैकेजिंग/ ब्रांडिंग हेतु सबसे बड़े अम्ब्रेला ब्रान्ड के रूप में उभर रहे हाउस ऑफ हिमालयज के स्टोर जल्द ही दिल्ली के कनॉट प्लेस व अन्य स्थानों में खोले जाने की योजना पर कार्य किया जा रहा है। एनडीएमसी ने इस सम्बन्ध में सहमति दे दी है। बैठक में सचिव श्रीमती राधिका झा, अपर सचिव श्री मनुज गोयल, श्रीमती निकिता खण्डेलवाल एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

# पीएम मोदी के नेतृत्व में 400 सीटों का संकल्प होगा पूरा: धामी

## चंडीगढ़ में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने की प्रेस वार्ताः प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 10 वर्षों के कार्यकाल में बिना रुके, थके समर्पित भाव से देश की सेवा,श्री राम मंदिर निर्माण जैसे ऐतिहासिक फैसले हुए

चंडीगढ़/देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत का दुनिया के सामने मान सम्मान बढ़ा है। यही कारण है कि दुनिया के देशों ने प्रधानमंत्री मोदी के 10 वर्षों के कालखंड में हुए कामों से भारत के सामर्थ्य का लोहा माना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि देवभूमि में सिक्खों के प्रसिद्ध धाम हेमकुंड साहिब की मुश्किल यात्रा जल्द रोप-वे बनने से आसान होगी। पंजाब सरकार पर प्रहार करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि पंजाब में आप के शासनकाल में नशे का कारोबार बढ़ा है। जनता से किए गए वायदे और कोई भी गारंटी आप ने पूरी नहीं की हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को चंडीगढ़ के रोपड़ में आनंदपुर साहिब से लोकसभा प्रत्याशी डॉ सुभाष शर्मा के रोड शो और नामांकन में भाग लिया। इस दौरान भाजपा कार्यालय में पत्रकार वार्ता में मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि वह पिछले 25 दिनों से देशभर में चुनाव प्रचार कर रहे हैं। मतदाताओं में भारी उत्साह से साफ है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तीसरी बार देश की कमान संभालेंगे। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल के हुगली की भीषण गर्मी हो या फिर तेलंगाना, आंध्रप्रदेश से लेकर दिल्ली, मुंबई तक हर वर्ग प्रधानमंत्री मोदी के लिए आगे आ रहा है। प्रधानमंत्री ने जिस तरह से 10 वर्षों के कालखंड में बिना रुके, थके समर्पित भाव से देश की एक अरब 40 करोड़ जनता को अपना परिवार मानकर दिन-रात काम किया है, उससे यह चुनाव प्रधानमंत्री की तपस्या से जुड़ा होने से लोग लोकतंत्र के महायज्ञ में खुलकर आगे आ रहे हैं। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि जिन राज्यों में डबल इंजन की सरकार हैं, वहां भारत सरकार की कल्याणकारी योजनाएं तेजी से धरातल पर उतरी हैं। जहां सरकारें नहीं हैं, वहां गरीबों, किसानों और विकास योजनाओं से जुड़ा पैसा पहुंचने बड़ी दिक्कतें हुई हैं। इसके लिए वहां की सरकारें जिम्मेदार हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि पंजाब में आप शासनकाल में नशे का कारोबार तेजी से बढ़ा है। मान सरकार ने कोई भी गारंटी और वायदा पूरा नहीं किया है। मुख्यमंत्री मान जब से मुख्यमंत्री बने हैं, वह पंजाब में कम और दिल्ली तिहाड़ में ज्यादा दिख रहे हैं। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि यह चुनाव आने वाली पीढ़ी के भविष्य का चुनाव है। भारत को विकसित बनाने, भारत को दुनिया का सिरमौर बनाने, महिलाओं, किसानों, गरीबों और नौजवानों के उत्थान के चुनाव है। प्रधानमंत्री मोदी ने 2014 से 2024 तक किए गए ऐतिहासिक कामों और बड़े फैसलों से दुनिया के देशों के सामने अपने सामर्थ्य का लोहा मनवा दिया है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में दुनिया के सामने भारत का मान, सम्मान बढ़ा है। प्रधानमंत्री की कार्यप्रणाली, सोच एवं निर्णयों से आज भारत के प्रति दुनिया का व्यवहार और सोच बदल गई है। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जी-20 सम्मेलन का आयोजन कर दुनिया को भारत की संस्कृति, सत्कार, सामर्थ्य को दिखाया है। इसका अनुभव मुझे विभिन्न देशों के भ्रमण के दौरान तब हुआ, जब हमें शक्तिशाली देशों में भी सम्मान मिला है। इससे हमारा सीना गर्व से चौड़ा हुआ है। उन्होंने फिर कहा कि आज देश डिजिटल ट्रांजेक्शन, आर्थिक सुधार, साइंस एंड टेक्नोलॉजी, खेल, नवाचार, मेक इन इंडिया, कौशल विकास जैसे क्षेत्रों में तेजी से आगे बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री मोदी के कार्यकाल में कश्मीर से 370 हटाने, तीन तलाक, सीएए कानून लाने, बंगाल, अफगानिस्तान, पाकिस्तान जैसे देशों में उत्पीड़न सह रहे हिंदुओं को नागरिकता दिलाने, नारी शक्ति वंदन योजना, श्री राम मंदिर निर्माण जैसे ऐतिहासिक फैसले हुए हैं।मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में गुरुनानक देव, करतारपुर कॉरिडोर, सिक्खों के प्रमुख पर्वों को प्रकाश पर्व के रूप में मनाने जैसे बड़े काम हुए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि देवभूमि उत्तराखंड में भी सिक्खों के पवित्र तीर्थ नानकमत्ता, रीठा साहिब के विकास पर काम चल रहा है। प्रसिद्ध हेमकुंड साहिब के दर्शन बुजुर्ग, असहाय एवं सभी श्रद्धालु आसानी से कर सकें, इसके लिए रोपवे का शिलान्यास होने के बाद तेजी से काम चल रहा है। इससे हेमकुंड साहिब की कठिन यात्रा कई दिनों में नहीं बल्कि घण्टों में आसानी से होगी। मुख्यमंत्री धामी ने फिर दोहराया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 400 पार का नारा नहीं बल्कि विकसित भारत का संकल्प है। उन्होंने कहा कि 4 जून को जो परिणाम आएंगे, वह ऐतिहासिक होंगे।

# चारधाम यात्रा पर जरूर आएं,लेकिन मौसम देखकर

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि चारधाम में इस बार रिकॉर्ड भीड़ पहुंच रही है। पिछले वर्षों की तुलना में 45 प्रतिशत तीर्थयात्री ज्यादा पहुंच रहे हैं। सरकार सभी का स्वागत कर रही है। सरकार ने चारों धाम में पूरी व्यवस्था की हैं, लेकिन बिना पंजीकरण और मौसम समेत अन्य तैयारी के आने वालों को कुछ परेशानी उठानी पड़ रही हैं। उन्होंने सभी से कहा कि चारधाम यात्रा पर जरूर आएं, लेकिन पंजीकरण, मौसम, भीड़, बुकिंग समेत अन्य तैयारी का ख्याल रखें, ताकि खुद को भी और दूसरों को भी परेशानी न उठानी पड़े। एक सवाल के जवाब में मुख्यमंत्री ने कहा कि जल्द हरियाणा और पंजाब सरकार से बातचीत कर चंडीगढ़ में उत्तराखंड भवन बनाने की कवायद शुरू की जाएगी। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष जितेंद्र ब्लोटा, अमित जिंदल समेत अन्य नेता मौजूद रहे।



# रोपड़ में मुख्यमंत्री ने किया जोरदार रोड शो

देहरादून (उद संवाददाता)। आनंदपुर साहिब से लोकसभा प्रत्याशी डॉ सुभाष शर्मा के समर्थन में उत्तराखंड के मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने रोपड़ में आयोजित विशाल रोड शो में प्रतिभाग किया। इस दौरान मुख्यमंत्री धामी को देखने के लिए बड़ी संख्या में लोगों की जमकर भीड़ उमड़ी। मुख्यमंत्री ने जनता से भाजपा प्रत्याशी को भारी मतों से विजयी बनाने की अपील की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि देश में इस बार भाजपा की प्रचंड लहर है और एक बार पुन: मोदी जी को देश का प्रधानमंत्री बनाने का जनता ने मन बना लिया है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी अपनी हार देखकर अब पूरी तरह से बौखला चुके हैं। स्थिति ये है कि मोदी जी का विरोध करते करते राहुल देश के विरोध पर उतर चुके हैं। अपनी हार देख उन्होंने अमेठी की अपनी परंपरागत सीट भी छोड़ दी है। उन्होंने आप पार्टी पर भी हमला बोलते हुए कहा कि यह पार्टी जिस सिद्धान्त पर बनी थी, वो सब कुछ पीछे छोड़ चुकी है। ये आज झाड़ू से जनता की गाढ़ी कमाई पर झाड़ू लगा रहे हैं। उन्होंने कहा कि 2 तारीख को केजरीवाल फिर से जेल में होंगे और शराब घोटाले में उन पर केस चलेगा। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि इस बार का यह चुनाव घमंडिया मानसिकता वालों से है। उन्होंने कहा कि यह सभी दल मिलकर मोदी जी को देश का प्रधानमंत्री बनने से रोकना चाहते हैं लेकिन देश की जनता उनके इस सपने को कभी पूरा नहीं होने देगी। उन्होंने कहा कि आदरणीय प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में देश ने तेजी से विकास किया है और दुनिया में भारत का डंका बज रहा है। जल्द ही भारत दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड में समान नागरिक संहिता को लागू किया जा चुका है। भाजपा ने अपने घोषणा पत्र में भी समान नागरिक संहिता को लागू करने की बात कही है। उन्होंने कहा कि समान नागरिक संहिता को मोदी जी के नेतृत्व में जल्द पूरे देश में लागू किया जाएगा।

# चेकिंग अभियान में दर्जनों बाइकों के काटे चालान

रामनगर(उद संवाददाता)। बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर रामनगर कोतवाली पुलिस ने नगर के अलग–अलग स्थान पर वाहन चेकिंग अभियान चलाया। अभियान के संबंध में जानकारी देते हुए कोतवाली के वरिष्ठ उप निरीक्षक मनोज नयाल ने बताया कि पुलिस द्वारा



दुपहिया वाहन चालकों के खिलाफ यह अभियान चलाया गया है। उन्होंने बताया कि अभियान के तहत 30 बाइकों का चालान कर उनसे 15 हजार 500 रुपए का जुर्माना वसूलने की कार्रवाई की गई है। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट का प्रयोग अवश्य करें तथा नाबालिक बच्चों को वाहन चलाने ना दें उन्होंने कहा कि पुलिस का यह अभियान लगातार जारी रहेगा।

# वंशित ने किया नाम रोशन

शक्तिफार्म (उद संवाददाता)। नगर के ग्रीन वर्ल्ड पब्लिक स्कूल के छात्र वंशित डालमिया ने इंटरमीडिएड सीबीएसई बोर्ड के वाणिज्य वर्ग मे 89.8 प्रतिशत अंक



प्राप्त कर स्कूल,क्षेत्र व माता पिता का नाम रोशन किया। प्रांतीय उद्योग व्यापार मण्डल के जिला सयुक्त महामंत्री विपिन डालमिया के पुत्र वंशित डालमिया बचपन से ही पढ़ाई,खेलकूद मे लगनशील रहे। वंशित आगे आईपीएस अफसर बनकर देश की सेवा करना चाहते है। वंशित डालमिया ने अपनी इस उपलब्धी का श्रेय अपने गुरुजन व माता पिता को दिया। इधर वंशित को बधाई देने के लिये लोगो का उनके आवास पर आने का सिलसिला लगातार जारी है। बधाई देने वालो मे व्यापार मण्डल अध्यक्ष रविन्द्र अग्रवाल,महामंत्री इशू अग्रवाल,कोषाध्यक्ष विक्की मण्डल, विजय वागला, ओमप्रकाश कालरा,अंकित मित्तल,अमित मित्तल,बलराम पोद्दार, अजीत साहा,राजेश रस्तोगी,विधान मण्डल आदि शामिल थे।

# गुरूनानक स्कूल की शिक्षिकाओं एवं बालिकाओं को सम्मानित किया


गदरपुर(उद संवाददाता)। मातृ दिवस पखवाड़े के दौरान गुरुद्वारा साहिब परिसर में स्थित श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल गदरपुर उत्तराखंड में सिख मिशनरी कॉलेज लुधियाना की गदरपुर इकाई के संयोजक देवेंद्र सिंह एवं सदस्य अमरीक सिंह द्वारा एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया । श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल की प्रधानाचार्य चंपा पांडे के दिशा निर्देशन एवं प्रबंधक परविंदर सिंह



गाबा की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी रहने वाली बालिकाओं एवं बच्चों को लगन एवं निष्ठा पूर्वक शिक्षा प्रदान करने वाली अध्यापिकाओं को स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। समाजसेवी राजकुमार सिंधी ने कहा कि मातृशक्ति का सम्मान भगवान की पूजा के समान है उन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में मातृशक्ति के सम्मान को सर्वोच्च बताया । इस मौके पर प्रधानाचार्य चंपा पांडे,शिक्षिका ज्योति, सरिता, मधु, रितु, ईशा के अलावा दिशा, रीमा, सोनाक्षी, साक्षी,अंकिता,परिचारिका विमला एवं रेखा मौजूद थे ।

# वरिष्ठ पत्रकार विजय तिवारी का निधन

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। कलम के सिपाही वरिष्ठ पत्रकार रामपुर रोड गली नंबर 7 निवासी विजय तिवारी का निधन हो गया। उनके निधन का समाचार मिलते



ही मीडिया कर्मियों सहित विभिन्न संगठनों में शोक की लहर व्याप्त हो गई। उनका अंतिम संस्कार आज प्रातः किया गया। जहां सैकड़ों लोगों ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित कर अंतिम विदाई दी। स्व. विजय तिवारी तत्कालीन उत्तर प्रदेश के मंत्री रहे स्व. गोवर्धन तिवारी के सुपुत्र थे। वे लंबे समय तक पत्राकारिता जगत से जुड़े रहे। साथ ही उन्होंने वर्ष 1995 से 2000 तक हल्द्वानी प्रेस क्लब के अध्यक्ष का पदभार भी संभाला और पत्रकारों के हितों के लिए काम किया। साथ ही लोकालय अखबार के माध्यम से उन्होंने जनसमस्याओं को भी उजागर करने का काम बखूबी किया। वह अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़ गए हैं।

# पूर्व दर्जा मंत्री कर्नाटक ने पूर्व सीएम हरीश रावत से मुलाकात

अल्मोड़ा(उद संवाददाता)। पूर्व दर्जा मंत्री बिट्टू कर्नाटक ने देहरादून में पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत से मुलाकात की। इस मुलाकात का मुख्य उद्देश्य वर्तमान में अल्मोड़ा वासियों की परेशानियों से पूर्व मुख्यमंत्री को अवगत कराना था। श्री कर्नाटक ने बताया कि उनके द्वारा पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत को वर्तमान में अल्मोड़ा नगर में चल रही गन्दे एवं बदबूदार पानी की आपूर्ति से अवगत कराया गया। इसके साथ ही बीते दिनों रानीधारा एवं इन्द्रा कालोनी में बारिश का पानी लोगों के घरों में घुसने से लोगों को हुई दिक्कतों से अवगत कराया गया। इसके साथ ही अल्मोड़ा की लाइफ लाइन कहे जाने वाली मॉल रोड के



हालात से भी पूर्व मुख्यमंत्री को अवगत कराया गया।श्री कर्नाटक ने बताया कि पूर्व मुख्यमंत्री के द्वारा सभी बातों का संज्ञान लिया गया है एवं अपने स्तर से इन तमाम मुद्दों पर मुख्यमंत्री, विभागीय मंत्रियों एवं उच्च अधिकारियों एवं से बात करने की बात कही गयी है।इसके साथ ही पूर्व दर्जा मंत्री की आगामी निकाय चुनावों में उत्तराखंड में कांग्रेस किस तरह मजबूती से उबर कर सामने आये इस पर भी गहन चर्चा हुई।इसके साथ ही श्री कर्नाटक ने कहा कि जिस तरह से लोकसभा चुनावों में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने एकजुटता का परिचय देते हुए संगठित रूप से चुनाव लड़ा है उसी तरह आगामी निकाय एवं पंचायत चुनाव में भी कांग्रेस उम्दा प्रदर्शन करेगी।

# सट्टा खिलाता सटोरिया दबोचा

रूद्रपुर (उद संवाददाता) गत सायं ट्रांजिट कैम्प थाना पुलिस ने गश्त के दौरान एक सटोरिये को सट्टा खिलाते हजारों की नगदी के साथ गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार एसआई ललित चौधरी साथी पुलिस कर्मियों के साथ गश्त कर रहे थे इसी दौरान जगतपुरा छठ घाट के पास कुछ लोग खड़े दिखाई दिये। जिनमें एक युवक खाईबाड़ी कर रहा था। जिस पर पुलिस ने घेराबंदी कर उसे दबोच लिया। पूछताछ करने पर उसने अपना नाम पता अबरार हुसैन पुत्र स्व. बन्ने हुसैन निवासी जगतपुरा वार्ड 6 बताया। तलाशी लेने पर उसके पास से सट्टा पर्ची, पेन, डायरी व नगद 1470 रूपये बरामद हुए। पुलिस ने आवश्यक पूछताछ करने के बाद बरामद सामान कब्जे में लेकर अबरार को गिरफ्तार कर उसके विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया।

# हाईकोर्ट शिफ्टिंग के लिए पोर्टल पर दें राय : छाबड़ा

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। जिला बार एसोसिएशन उधमसिंहनगर के पूर्व अध्यक्ष एडवोकेट सुभाष चन्द्र छाबड़ा ने हाईकोर्ट शिफ्टिंग के लिए पोर्टल शुरू होने पर वकीलों से जनता से आह्वान किया है कि इस मामले पर हाई कोर्ट की वेबसाइट https://highcourt of uttarakhand.gov.in पर अपनी राय व्यक्त करें और पिछले चौबीस साल से हो रहे जुल्म और अन्याय को समाप्त करने के लिए आगे आएं। आम जनता को भी इसके लिए प्रेरित करें। एडवोकेट छाबड़ा ने उत्तराखण्ड के पूर्व मुख्यमंत्री भगत सिंह कोश्यारी के उस बयान से नाइत्तफाकी जाहिर की है जिसमे गौलापार के जंगलों के दरख्त काटने की बात कही गयी है। उन्होंने कहा पूर्व मुख्यमंत्री का विचार पर्यावरण की सुरक्षा के लिहाज से बेहद खतरनाक है इससे अच्छा होता पूर्व मुख्यमंत्री रूद्रपुर में हाई कोर्ट की स्थापना पर जोर देते क्योंकि रूद्रपुर में न्यायालय भवन हाई कोर्ट स्थापित करने की दृष्टि से ही बनाया गया था जिस समय ये निर्माण शुरू हुआ उस वक्त व भाजपा की नित्यानन्द स्वामी सरकार में उर्जा मंत्री थे तथा बाद में भाजपा सरकार के मुख्यमंत्री भी थे। एडवोकेट छाबड़ा ने कहा कि भाजपा के लगभग सभी मुख्यमंत्रियों का रवैय्या उधमसिंहनगर और रूद्रपुर का विरोधी रहा है जबकि भाजपा ने यँहा के निवासियों की इच्छा के विरुद्ध जनपद उधमसिंहनगर को जबरन उत्तराखण्ड में शामिल किया था , एडवोकेट छाबड़ा ने कहा अगर उधमसिंहनगर को अपने साथ शामिल किया है तो उसकी उपेक्षा मत करो ताकि उधमसिंहनगर भविष्य में भी उत्तराखण्ड में बना रहे उधमसिंहनगर में पर्वतीय इलाकों के भी लाखों लोग निवास करते हैं। नैनीताल हाई कोर्ट उनके लिए भी उतना ही दुष्कर है जितना अन्य लोगों के लिए। जिला बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष वीरेंद्र गोस्वामी ने कहा कि हम लोग हाई कोर्ट को रूद्रपुर में स्थापित करने के लिए कटिबद्ध हैं और शिफ्टिंग के पक्ष में अपनी राह व्यक्त करेंगे उन्होंने समस्त अधिवक्ताओं तथा समाज के हर वर्ग से अपील की है कि वो पोर्टल https://highcourtofuttarakhand.gov.in पर अपनी राय अवश्य व्यक्त करें ताकि उच्च न्यायालय रूद्रपुर में स्थापित हो एयर जनता को सस्ता एवं सुलभ न्याय मिल सके ।

# क्षमता से अधिक सवारी बैठाने पर बस सीज

अल्मोड़ा (उद संवाददाता)। पर्वतीय क्षेत्रों में बढ़ रही वाहन दुर्घटनाओं को रोकने के लिए पुलिस सख्त हो गयी है। सघन चेकिंग के दौरान एक बस में क्षमता से अधिक सवारियां बैठाये जाने पर पुलिस ने बस को सीज कर दिया। एसएसपी देवेन्द्र पिंचा के निर्देश पर यातायात नियमों को अनदेखी करने वालों के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान के तहत बुध



वार को इंटरसैप्टर प्रभारी सुमित पाण्डे टीम के साथ लोधिया बैरियर से क्वारब की तरफ चेकिंग कर रहे थे। इस दौरान हल्द्वानी से आ रही बस संख्या यूके 04पीए 0460 को रोकने का इशारा किया तो चालक ने बस नहीं रोकी। जिसे लोधिया बैरियर पर रुकवाया गया। चेक करने पर वाहन चालक कमलेश सिंह निवासी नैनीताल बस को बिना कागजात क्षमता से अधिक सवारियाँ बिठाकर चलाते हुए पाया गया। बस की क्षमता 30 सवारियों की थी,जिसमें 46 सवारियाँ बिठायी गयी थी। जिस पर पुलिस ने बस को सीज कर दिया। यात्रियों को अन्य वाहनों से गन्तव्य को भेजा गया। एसएसपी ने जनता से अपील है कि जब आप किसी वाहन में सवार है और आपको लगता है कि वाहन चालक व परिचालक क्षमता से अधिक सवारियाँ बिठा रहे है तो उसकी सूचना तत्काल पुलिस हेल्पलाईन नं0 112 में दें। वाहनों में क्षमता से अधिक सवारियों को बिठाना दुर्घटना को दावत देने के समान है।

## पेज एक का शेष...

**कांग्रेस की सरकार बनी तो...** यह चुनाव देश का भविष्य बनाने वाला चुनाव है। अगर भाजपा की सरकार बनती है तो संविधान बदलकर वंचित समाज व पिछड़ों के आरक्षण को समाप्त किया जाएगा। इसलिए कांग्रेस पिछड़ों, गरीबों व आदिवासियों की लड़ाई लड़ रही है।खरगे ने आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत के बयान का भी जिक्र किया और कहा कि उन्होंने संविधान को बदलने की बात की थी। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि हम सत्ता में आने पर जातीय जनगणना कराएंगे। इससे लोगों की सामाजिक, आर्थिक स्थिति का अंदाजा लगेगा। ये हम देश को कमजोर करने के लिए नहीं कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी हमारे घोषणा पत्र के बारे में झूठ फैला रहे हैं। वो बताते हैं कि कांग्रेस लोगों की संपत्ति का सर्वे करवाएगी। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने अपने संबोधन में कहा कि भाजपा का झूठ जितना परवान चढ़ना था चढ़ चुका है। इंडिया गठबंधन की सरकार बनने वाली है। 4 जून को प्रेस की स्वतंत्रता का भी दिन होगा। भाजपा 140 सीटें भी नहीं जीत पाएगी। उनका रथ फंसा ही नहीं धंस गया है। वो अपने ही नकारात्मक नैरेटिव में फंस गए हैं। अखिलेश यादव ने कहा कि इंडिया गठबंधन यूपी में 79 सीटें जीत रहा है और क्योटो (काशी) में लड़ाई में है। 4 जून को किसानों की सरकार बनेगी। बेरोजगार युवाओं की सरकार बनेगी।

**तीर्थयात्री जाम से हलकान...** के स्थानीय निवासियों ने रात 10 बजे से लेकर सुबह 4 बजे तक जाम खोलने का प्रयास किया। साथ ही कुछ तीर्थ यात्रियों को चाय भी पिलाई। मंगलवार की रात गंगोत्री धाम में भी रात्रि कालीन कपाट बंद होने पर 9:30 तक तीर्थयार्थियों ने दर्शन किए अन्य तीर्थ यात्रियों को बुधवार सुबह होने तक का इंतजार करना पड़ा।

**फायरिंग के मामले मे...** थाने में सात मुकदमे दर्ज हैं। जबकि सुहैल के खिलाफ रूद्रपुर थाने में तीन मुकदमे हैं। जबकि समीर के खिलाफ दो मुकदमे चल रहे हैं। आरोपियों को पकड़ने वाली टीम में कोतवाल धीरेंद्र कुमार, एसआई नवीन बुधानी,दीपक कौशिक,विकास कुमार, एएसआई नवीन जोशी, का.अमित जोशी,महेंद्र कुमार,विजयपाल, गणेश धानिक आदि शामिल थे।

**दुराचार में नाकाम...** भागने की कोशिश की तो मकान मालिक ने अपने तमंचे से फायर झोक दिया। फायर की आवाज सुन घर के लोग छत पर आ गये तब जाकर उसकी जान व इज्जत बच पायी। उसे अपनी जान माल का खतरा बना हुआ है।

# चाकू समेत युवक गिरफ्तार

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। वनभूलपुरा थाना पुलिस ने चौकिंग के दौरान एक युवक को चाकू के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसे कोर्ट में पेश किया गया। वनभूलपुरा थाना पुलिस को क्षेत्र में गश्त के दौरान सूचना मिली कि दुर्गा मंदिर को जाने वाले रोड तिराह पर एक युवक काफी देर से चाकू लेकर घूम रहा है। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपी को धर दबोचा। पकड़े गए युवक ने अपना नाम अरबाज अहमद पुत्र अमीर अहमद निवासी साबरी मस्जिद के पास दुर्गामंदिर इन्द्रानगर बताया। वहीं आसपास के लोगों ने बताया की अरबाज व इसका भाई शाहरुख उर्फ चौट मलिक दोनों साथ मिल कर चलते रहगीरों से चाकू की नोक पर लूटमार करते थे।


**आवश्यकता है**

सिडकुल स्थित फैक्ट्री के लिए 8वीं/10वीं पास युवकों की। वेतन योग्यतानुसार

**-सम्पर्क करें-**

परफैक्ट सेल्स कार्पोरेशन प्लाट नं. 12, सेक्टर IIDC सिडकुल, रूद्रपुर, मो. 9654467133


# कार चालक के खिलाफ तहरीर दी

हल्द्वानी। कार की टक्कर से स्कूटी सवार दो युवको की मौत के मामले में होटल स्वामी की ओर से पुलिस को तहरीर सौंप दी गई है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।पुलिस को दी तहरीर में होटल स्वामी हिमांशु पाण्डे पुत्र स्व. त्रिलोचन पाण्डे निवासी बेरीपड़ाव ने कहा कि उसके होटल में काम करने वाले दीवान सिंह अभय सिंह होटल के काम से स्कूटी लेकर मोतीनगर की ओर जा रहे थे तभी कार संख्या यूके04वाई 1499 ने स्कूटी में टक्कर मार दी जिससे दोनों घायल हो गए। उन्हें 108 की मदद से अस्पताल ले जाया गया जहां पर दोनों की मौत हो गई। होटल स्वामी ने कार चालक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

# जजी परिसर से चोरी का नही हुआ खुलासा

बागेश्वर। गत माह 26 अप्रैल को जजी परिसर में हुई चोरी का पुलिस ने अभी तक खुलासा नही किया है। वही जजी परिसर में चोरी होने के बाद लोगों को जल्द मामले का खुलासा होने की उम्मीद थी परअब तक जजी परिसर की चोरी का पुलिस ने खुलासा नही किया है।वही अब नगर में बैंक में चोरी करने के प्रयास से लोग दहशत में हैं। लोगों ने पुलिस से दोनों घटना का जल्द पर्दाफाश करने की मांग की है। वही लोगों ने नगर में नशेड़ी और अराजक तत्वों का बोलबाला होने और पुलिस का भय कम होने से भी आपराधिक प्रवर्ति के लोगों का मनोबल बढ़ने की बात कही है।अब देखने वाली बात होगी कि पुलिस चोरी करने वालों का खुलासा कब करेगी, लेकिन लगातार बढ़ रहे अराजक तत्वों के आतंक से लोगों में पुलिसिया शैली पर सवालिया निशान अवश्य लगे है।

# ट्रांजिट कैम्प से बाईक चोरी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। ट्रांजिट कैम्प थाना क्षेत्र में वाहन चोरी की घटनायें लगातार बढ़ती जारी है। कई लोग थाना पुलिस पर आरोप भी लगाते रहे हैं कि पुलिस तहरीर तो ले लेती है परंतु रपट दर्ज नहीं करती। विगत रात्रि फुलसुंगा से अज्ञात व्यक्ति घर के आगे खड़ी मोटरसाईकिल चोरी कर ले गया। अमित कुमार पुत्र त्रिलोक राम निवासी फुलसुंगा नेबताया कि 10 मई को उसने अपनी मोटर साईकिल संख्या यूपी 26 पी 7582 को घर के आगे खड़ा किया था। जहां से अज्ञात व्यक्ति उसे चोरी कर ले गया। काफी तलाशने के बाद भी बाईक का कोई पता नहीं चला। पुलिस ने मामले की रपट दर्ज कर ली है।


संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा

स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रूद्रपुर,उधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित

सम्पादक-परमपाल सुखीजा

आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।

E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in

फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# पॉल्यूशन की मार से हाहाकार, शिकायत का इंतजार

## खराब हो गई हवा की गुणवत्ता, अनसेफ है एक्यू आई

**मनोज श्रीवास्तव**

काशीपुर। एक तो तन को झुलसा देने वाली गर्मी और दूसरे पॉल्यूशन की मार ने इंसान तो इंसान जीव जंतुओं को भी मौत के मुहाने पर ला दिया है। यानी



क्षेत्र की अधिकांश पेपर मिलें (कल कारखाना) एनजीटी के नियमों की धज्जियां उड़ाते हुए पर्यावरण के लिए बड़ा खतरा बन चुकी है लेकिन प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारियों को शिकायत का इंतजार है। जानकारी के मुताबिक क्षेत्र की अधिकांश पेपर मिलों की चिमनियों से काला धुआं और राख निकल रहा है। इसी तरह फैक्ट्री का गंदा पानी बगैर ट्रीट किए सिवरेज एवं नालियों में छोड़ने के कारण प्रदूषण का स्तर तेजी से बढ़ रहा है। जानकार बताते हैं कि पर्यावरण पर मंडराते खतरे को रोकने के लिए प्रदूषण विभाग गंभीर नहीं है। विभाग द्वारा रेंडमली अभियान नहीं चलाया जाता। बताया जाता है कि जब भी इस तरह के अभियान की औपचारिकता का समय आता है उद्योग पहले ही सचेत कर दिए जाते हैं और चिमनियां कुछ समय के लिए बंद कर दी जाती है। अक्सर प्रदूषण विभाग बगैर शिकायत के कार्यवाही नहीं करता और इसी का पूरा फायदा उठाकर नियम विपरीत चलने वाली फैक्ट्रीयों की चिमनियों से निकलने वाले धुएं को बड़ी ही आसानी से लोगों की सांसों में घोल दिया जाता है। चिमनियों से निकलने वाले राख के छोटे-छोटे कंण हवा के साथ लोगों की आंखों में प्रवेश कर रहे हैं। जानकार बताते है कि क्षेत्र में अब तक सैकड़ो की तादाद में लोग नेत्र रोग से ग्रसित हो चुके हैं। गर्मी का प्रकोप बढ़ने के साथ हवा की गुणवत्ता पूरी तरह खराब हो चुकी है। कैथल का एयर क्वालिटी इंडेक्स निर्धारित पैमाना पार कर चुका है। जानकार बताते हैं कि अत्यधिक एक्यू आई सेहत के लिए अनसेफ है।

### फैक्ट्रियों का प्रदूषण स्वास्थ्य से खिलवाड़

काशीपुर। अलीगंज रोड पर बहल पेपर मिल, कुंडा रोड पर ग्राम कुदैयावाला में स्थित कात्यानी पेपर मिल, हरियावाला रोड स्थित कात्यानी टिश्यूज प्राइवेट लिमिटेड पिछले कुछ समय से इंसानी जिंदगियों के लिए नासूर ही नहीं बन चुकी है बल्कि फसलों के लिए बड़ा खतरा साबित हो रही है। इन पेपर मिलों की ऊंची ऊंची चिमनियों से निकलने वाले गाढे एवं जहरीले धुएं से क्षेत्र में पर्यावरण को बड़ा खतरा पैदा हो गया है तो वहीं दूसरी ओर आसपास के ग्रामीण नेत्र रोगों के अलावा स्वास्थ्य तथा फेफड़ा संबंधी गंभीर रोगों के शिकार हो रहे हैं। उपरोक्त फैक्ट्रीयों के खिलाफ पूर्व में कई बार संबंधित विभाग को शिकायत करने के बावजूद कार्यवाही न होने पर तमाम ग्रामीणों ने घर बार छोड़ने का मन बना लिया है।

# 15 पेटी अंग्रेजी शराब सहित तस्कर दबोचा

अल्मोड़ा (उद संवाददाता)। मादक पदार्थों की तस्करी की रोकथाम के लिये चलाये जा रहे अभियान के तहत सल्ट पुलिस ने 5 पेटी अवैध शराब के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार कर लिया। एसएसपी देवेन्द्र पींचा के निर्देश पर थानाध्यक्ष सल्ट अजेन्द्र प्रसाद के नेतृत्व में सल्ट पुलिस ने चेकिंग के दौरान कलिंगा मंदिर के सामने गौशाला के पास दीवान सिंह पुत्र कुंवर सिंह निवासी मोहल्ला लखेड़ा मटखानी सल्ट के कब्जे से 5 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब बरामद होने पर अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत एफआईआर पंजीकृत कर आवश्यक कार्यवाही की गई। पुलिस टीम में हेड कांस्टेबल राजेश प्रसाद, कांस्टेबल हेमंत मनराल, होमगार्ड श्याम सिंह भी शामिल थे।




# चाकूबाजी के मामले में पुलिस ने दर्ज किया केस

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। महिला और उसके बेटों पर चाकू से हमला करने के आरोपी के खिलाफ पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मलिक का बगीचा निवासी रिफायत पुत्र नजाकत अली ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि घर के नीचे बनी दुकान एक बिजली वाले को किराये पर दे रखी है। जिसके चलते उसके घर के सामने रहने वाला शखावत उससे व उसके परिवार से रंजिश रखता है. तथा आयदिन आते-जाते समय परिवार वालो के साथ गालीगलौच व बदतमीजी करता है उसे व उसके परिवार को जान से मारने की धमकी देता रहता है। तहरीर में कहा गया है कि जब मंगलवार को उसकी माता अमीरजहां इंदिरा में रहने वाले अपने बडत्रे बेटे से मिलने के लिस जा रही थी तभी शखावत ने उन्हें रोक लिया और गाली गलौज करने लगा। जब उसकी मां ने विरोध किया तो शखावत व उसके चार-पांच अज्ञात लोगों ने मारपीट शुरू कर दी। जब अमीरजहां को बचाने के लिए मोनिस व दानिश आए तो शखावत ने अमीरजहां को जान से मारने की नियत से उन पर चाकू से हमला कर दिया। आरोप है कि मां को बचाने के प्रयास में दोनों भी घायल हो गए। फिरासत न उसके साथ भी मारपीट करने का आरोप लगाया है।

# आरएएन में संगीत निर्देशक चितरंजन ने मचाई धूम

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। आर. ए. एन. पब्लिक स्कूल में प्रसिद्ध संगीत निर्देशक चिरंतन भट्ट को आमंत्रित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ नीरज जोशी अध्यक्ष वंडर ब्रेंन, श्रीमान वरुण पांडे सीईओ वंडर ब्रेंन, श्रीमती जैस्मिन बिष्ट कार्यक्रम समन्वयक वंडर ब्रेंन, श्रीमती कृतिका भट्ट कार्यक्रम समन्वयक वंडर ब्रेंन, विद्यालय प्रबंधक मोहित राय, प्रशासिका श्रीमती निधि राय ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर किया। तत्पश्चात प्रधानाचार्या श्रीमती भावना भनोट जी ने सभी उपस्थित अतिथियों का अभिवादन किया। इसके पश्चात मुख्य अतिथियों



को पौधा प्रदान करके उन्हें सम्मानित किया गया। आर. ए. एन. पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों के द्वारा संगीत की अद्भुत प्रस्तुति की गई, इस प्रस्तुति ने सबको मंत्र मुग्ध कर दिया। इसके बाद चिरंतन भट्ट ने अपनी मनमोहक आवाज से गीत प्रस्तुत कर सबका मन जीत लिया। श्री भट्ट ने संगीत से संबंधित अपनी यात्रा के बारे में बताते हुए बच्चों को अपने लक्ष्य के प्रति एकाग्रचित रहने के लिए प्रेरित किया तथा बच्चों द्वारा पूछे गए प्रश्नों के उत्तर प्रदान कर उनकी जिज्ञासा को शांत किया। अंत में विद्यालय प्रशासिका श्रीमती निधि राय ने आए हुए अतिथिगण का आभार व्यक्त किया।

# कटिया डालकर विद्युत चोरी करते पकड़ा

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। विद्युत विभाग की टीम ने औचक निरीक्षण के दौरान एक भवन में कटिया डालकर विद्युत चोरी करने का मामला पकड़ा। भवन स्वामी के विरूद्ध मुकदमा दर्ज करा दिया गया है। दर्ज रपट में अन्शुल मदान उपखण्ड अधिकारी विद्युत वितरण उपखण्ड रुद्रपुर प्रथम ने कहा है कि वह कुलदीप सिंह अवर अभियन्ता, विपिन सक्सैना लाईनकर्मी, रोहित कश्यप लाइनकर्मी सर्तकता ईकाई कुमाँउ क्षेत्र हल्द्वानी के साथ विद्युत चैकिंग करते ठाकुर नगर निवासी खीखन थानी के आवास पहुंचे जहां कटिया डालकर विद्युत चोरी की जा रही थी। मौके पर केबल कब्जे में ले ली गई। पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

# मदिरा अथवा बीयर की ओवररेटिंग करने वाले दुकानदारों के खिलाफ होगी कठोर कार्यवाही : जोशी

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। जनपद के सभी मदिरा फुटकर अनुज्ञापी निधारित अंकित मूल्य पर ही मदिरा की बिक्री करें, निर्धारित मूल्य से अधिक दरों पर मदिरा अथवा बीयर के विक्रय करने पर सम्बन्धित दुकानदारों के खिलाफ कठोर कार्यवाही अमल में लाई जायेगी। जिला आबकारी अधिकारी ने जनपद की जनता से अपील की है कि जिन दुकानदारों के द्वारा मदिरा में अंकित मूल्य से अधिक धनराशि ली जा रही है तत्काल सूचना दें ताकि सम्बन्धित अनुज्ञापी के खिलाफ कठोर कार्यवाही की जा सके। जिला आबकारी अधिकारी एन आर जोशी ने लोगों की शिकायत मिलने पर बताया कि कुछ मदिरा अनुज्ञापियों द्वारा मदिरा की बोतलों में अंकित मूल्य से अधिक धनराशि ली जा रही है। उन्होंने जनपद के समस्त मदिरा दुकानदार स्वामियों से कहा कि अंकित मूल्य से अधिक धनराशि लेने पर सम्बन्धित मदिरा दुकानदारों के खिलाफ कार्यवाही जायेगी। उन्होने जनपद के सभी मदिरा अनुज्ञापियों को निर्देश दिये हैं कि सभी मदिरा दुकानदार एमआरपी मूल्य की सूची पठनीय स्थान पर दुकान के बाहर लगायेंगे तथा ग्राहक स्वैप मशीन चालू हालत में रखेंगे एवं ग्राहक द्वारा बिल मांगे जाने पर तत्काल बिल उपलब्ध करायेंगे। उन्होंने सभी मदिरा दुकान अनुज्ञापियों को दुकान के बाहर सीसीटीवी कैमरा चालू हालत रखने के निर्देश दिये उन्होंने कहा सीसीटीवी कैमरा बन्द पाये जाने पर सम्बन्धित दुकानदारों के खिलाफ कार्यवाही की जायेगी। उन्होने आम जनता से अपील की है कि मदिरा में अंकित मूल्य से अधिक धनराशि लेने पर जिला आबकारी अधिकारी नैनीताल मो-9412496113/ 6397066675, आबकारी निरीक्षक नैनीताल मो-9412413645, हल्द्वानी 8126915747 तथा आबकारी निरीक्षक रामनगर 9557008141 पर सूचना दे सकते हैं। श्री जोशी ने जनपद के समस्त आबकारी निरीक्षकों को निर्देश दिये हैं कि अपने-अपने क्षेत्रों में नियमित भ्रमण कर ओवर रेट मदिरा देने वाले दुकानदारों एवं बारां के खिलाफ तत्काल कार्यवाही कर सूचना देना सुनिश्चित करें ताकि ओवर रेट में मदिरा देने वाले दुकानदारों के खिलाफ कार्यवाही की जा सके।

# मकान की सील तोड़ने पर एक के खिलाफ मुकदमा

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। जिला स्तरीय विकास प्राधिकरण, क्षेत्रीय कार्यालय, हल्द्वानी की ओर से एक व्यक्ति के खिलाफ सील किए गए भवन की सील तोड़ने के मामले में मुकदमा दर्ज कराया है। जिला स्तरीय विकास प्राधिकरण, क्षेत्रीय कार्यालय हल्द्वानी के अपर सहायक अभियंता अंकित बोरा ने कोतवाली पुलिस में दी तहरीर में कहा है कि राजपुरा वार्ड नं0 14, टनकपुर रोड हल्द्वानी निवासी अजीम अहमद द्वारा अवैध निर्माण करने पर प्राधिकरण ने उसे 18 अगस्त 2022 को सीलबन्द कर दिया था। इसके बाद उक्त सीलबंद भवन में निर्माण कार्य करने की जानकारी मिलने पर प्राधिकरण ने उसे 28 अक्टूबर 2022 को दोबारा सीलबन्द कर दिया। इधर न्यायालय में आफताब आलम ने प्रार्थना पत्र दिया था जिसमें कहा गया कि अजीज अहमद ने सीलबंद भवन की सील तोड़ कर दोबारा निर्माण कार्य शुरू दिया है जिसके बाद न्यायालय उक्त स्थल का निरीक्षण कर यह सुनिश्चित करने के आदेश दिए थे कि यदि विपक्षी के द्वारा सीलबन्द भवन की सील को तोड कर निर्माण कार्य किया जा रहा है तो विपक्षी के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज करते हुए सुनवाई की अग्रिम तिथि से पूर्व आख्या न्यायालय में प्रस्तुत करें। जिसके बाद प्राधिकरण की टीम ने स्थलीय निरीक्षण किया तो अजीज सील तोड़ कर मकान में निवास करता हुआ पाया गया। जिसके बाद आरोपी के खिलाफ तहरीर दी गई। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।